दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 16 | अंक : 33 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर । शुक्रवार, 05 दिसम्बर 2025 । मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष प्रतिपदा संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan



## रूसी राष्ट्रपति पुतिन भारत पहुंचे

### भारत-रूस के रिश्तों में नए अध्याय की शुरुआत

रुपये और रूबल में कारोबार पर बोले पुतिन-

### इसे बंद नहीं करना, इसका असंतुलन दूर करना है...

पुतिन ने कहा कि रूबल और रुपये में लेनदेन को लेकर हमें जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए, कई बार बड़ी गलती हो जाती है. आप यूरोप को देखें, वहां अमेरिकी सिस्टम है, कई देश ऐसे हैं जिनका आर्थिक तंत्र एकल मुद्रा व्यवस्था के लिए तैयार नहीं है, समस्या यही है. आज के दौर में भारत और रूस बड़ा बिजनेस पार्टनर भी है. लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रूस को कई चुनौतियां का सामना करना पड़ रहा है, खासकर ट्रेड को लेकर. फिलहाल रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत दौरे पर हैं. इस दौरान आजतक ने उनका खास इंटरव्यू किया है. पुतिन ने कई मसलों पर खुलकर अपनी राय रखी है।

राष्ट्रपति पुतिन से रुपये और रूबल में लेनदेन को लेकर सवाल किया गया। उन्होंने कहा कि इसमें कोई बाधा नहीं है, ये अर्थव्यवस्था का मामला है और मैं इस बात को समझता हूं कि हमारे बीच असंतुलित कारोबार है. उदाहरण के तौर पर भारत ने हमारे बीच कोई रुकावट पैदा नहीं की. क्योंकि उन्हें तेल और तेल से निर्मित सामान चाहिए. भारत सरकार को अपने किसानों के लिए रुस में बने उर्वरक चाहिए. पीएम मोदी हमेशा इस मुद्दे को मेरे सामने उठाते हैं, और ये रुपये में पेमेंट का मामला नहीं है।

उन्होंने आजतक से कहा, मैं हमेशा कहता हूं कि इस असंतुलन को दुरुस्त करना है, प्रतिबंधित नहीं. हमारे कारोबार से दोनों देशों को फायदा हो, किसी एक को नहीं. भारत दौरे पर हमारा प्रयास है कि हम पहल करें, जिसमें भारत और रुस के आयात और निर्यात की प्रदर्शनी लगे. मैंने अपने अफसरों को आदेश दिया है कि भारत से हम जो सामान खरीदते हैं. उसमें और क्या जोड़ सकते हैं, इसपर काम करें।

उन्होंने इस सवाल का जवाब देते हुए साफ कर दिया कि रूबल और रुपये में लेनदेन को लेकर हमें जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए, कई बार बड़ी गलती हो जाती है। आप यूरोप को देखें, वहां अमेरिकी सिस्टम है, कई देश ऐसे हैं जिनका आर्थिक तंत्र एकल मुद्रा व्यवस्था के लिए तैयार नहीं है, तो समस्या यही है. हम इसे दुरुस्त कर रहे हैं. जैसा कि आप जानते हैं कि अपनी मुद्रा में हम आसानी से कारोबार नहीं कर सकते।





# भारत की तरक्की कई देशों को चुभ रही : व्लादिमीर पुतिन

## कहा : मोदी किसी के दबाव में नहीं आते, देशहित आगे रखते हैं

बढ़ता राजस्थान

**मॉस्को ( एजेंसी )।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि भारत की तरक्की कई देशों को चुभ रही है। उन्होंने भारत को ग्रेट पावर बताया और कहा कि पीएम मोदी किसी के दबाव में नहीं आते हैं। उन्होंने यह बात मॉस्को में आजतक को दिए इंटरव्यू में कही। पुतिन ने पीएम मोदी की लीडरशिप, भारत-रूस संबंधों, ग्लोबल पॉलिटिक्स और अमेरिका की नीतियों पर खुलकर बात की।

जब उनसे पूछा गया कि क्या अमेरिका भारत पर टैरिफ लगाकर राजनीतिक दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है, तो पुतिन ने साफ कहा कि भारत अपनी इंडिपेंडेंट पॉलिसी पर चलता है। अमेरिका पर तंज कसते हुए पुतिन ने कहा कि वॉशिंगटन खुद हमसे न्यूक्लियर एनर्जी खरीदता है और फिर ज्ञान देने की कोशिश करता है ।अमेरिका, भारत को रूस से तेल खरीदने पर दोषी ठहराने की कोशिश करता है। यह साफ तौर पर दोहरा रवैया है, जिसे अब दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं समझ रही हैं।

### पुतिन बोले- मैं पीछे मुड़कर देखने में भरोसा नहीं करता

अपनी भारत यात्रा के दौरान होने वाले समझौतों पर बात करते हुए पुतिन ने बताया दोनों देशों में कई बड़े करार होने जा रहे हैं। इनमें स्पेस, सैटेलाइट तकनीक, न्यूक्लियर एनर्जी, एविएशन, न्यूक्लियर सबमरीन टेक्नीक, डिफेंस इंडस्ट्री और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे सेक्टर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ये तकनीक भविष्य के रिश्तों और आर्थिक सहयोग का आधार बनेंगी। पुतिन से जब पूछा गया कि क्या उन्हें अपने 25 साल के शासन में किसी बात का पछतावा है, तो उन्होंने कहा कि मैं कभी पीछे मुड़कर नहीं देखता और हमेशा आगे बढ़ने में भरोसा रखता हूं।



### मोदी बोले- अपने दोस्त पुतिन का स्वागत कर खुश हूं

मोदी ने ट्वीटर पर कहा, अपने दोस्त, राष्ट्रपति पुतिन का भारत में स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। आज शाम और कल हमारी बातचीत का बेसब्री से इंतजार है। भारत-रूस की दोस्ती मुश्किल समय की कसौटी पर खरी उतरी है और इससे हमारे लोगों को बहुत फायदा हुआ है।

**दीयों से लिखा- वेलकम पुतिन-**पुतिन के स्वागत में उत्तर प्रदेश के वाराणसी में गंगा आरती के दौरान दीयों से 'वेलकम पुतिन' लिखा गया।



### पुतिन बोले- भारत आने को लेकर एक्साइटेड हूं

पुतिन ने यह भी कहा कि उन्हें पीएम मोदी से मिलने का इंतजार है और वे भारत यात्रा को लेकर बेहद एक्साइटेड हैं। इससे पहले दोनों नेताओं ने 1 सितंबर को चीन के तियानजिन में एससीओ समिट के दौरान मुलाकात की थी। पुतिन ने एससीओ समिट का जिक्र करते हुए कहा कि वे और पीएम मोदी एक ही कार में साथ बैठे थे और यह उनका खुद का सुझाव था। उन्होंने बताया कि कार रुकने के बाद भी दोनों नेताओं ने काफी समय तक बातचीत की। पुतिन ने कहा- यह पहले से प्लान नहीं था। हम बाहर निकले, मेरी कार वहीं थी, और मैंने कहा कि हम साथ में चलें। यह कोई बहुत बड़ा प्लान नहीं था, हम बस दोस्तों की तरह कार में बैठ गए।

### पुतिन ने कहा- ग्लोबल ऑर्डर में भारत की भूमिका बेहद खास

भारत की आर्थिक प्रगति को लेकर पुतिन ने कहा कि देश की 7.7% की ग्रोथ रेट अपने आप में एक बड़ी कामयाबी है और यह पीएम मोदी की लीडरशिप का रिजल्ट है। भारत इस पर गर्व कर सकता है। उन्होंने कहा कि सिर्फ 77 सालों में भारत ने जिस तेजी से विकास किया है, वह पूरी दुनिया को प्रेरणा देता है। हमेशा कुछ ऐसे लोग होते हैं जो कहते हैं कि चीजें बेहतर की जा सकती थीं, लेकिन नतीजे खुद बोलते हैं। पुतिन ने यह भी बताया कि भारत और रूस के बीच होने वाले 90% व्यापारिक लेनदेन कामयाबी से पूरे हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि ग्लोबल ऑर्डर अब एक मल्टी पोलर ढांचे की ओर बढ़ रही है, जिसमें भारत जैसी शक्तियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी।

# शिकायत मिलेगी तो करेंगे जांच, नहीं तो चलेगा रामराज!

## ■ खदानों में जांच के लिए भी शिकायतों के भरोसे बैठे अधिकारी

### ■ मॉनिटरिंग के अभाव में माफिया लगा रहे राजकोष को चूना

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** सेलवाड़ा की मार्बल खदानों में अवैध खनन का मामला सामने आने के बाद विभागीय स्तर पर जुर्माना वसूली की कार्रवाई शुरू की है। इन पर भारी-भरकम राशि आरोपित की है। वैसे कार्रवाई तीन खदानों पर ही हो पाई है और वह भी शिकायत मिलने के बाद। अन्यथा इससे पहले सेलवाड़ा में रामराज ही रहा। चौंकना लाजिमी पर हकीकत यही है। सेलवाड़ा में चल रही अन्य खदानों की भी जांच हो जाती तो इस तरह के कई मामले सामने आ सकते हैं। अवैध खनन से राजकोष को चूना लगाया जा रहा है, लेकिन अधिकारी महज शिकायतों के भरोसे ही बैठे हुए हैं।

**खदानों की मॉनिटरिंग भगवान भरोसे**

**सेलवाड़ा में सालों से चल रही इन मार्बल खदानों की मॉनिटरिंग भगवान भरोसे ही है। विभागीय स्तर पर इनकी समुचित जांच नहीं की जा रही। यदि ऐसा होता तो अवैध खनन के मामले पहले ही पकड़ में आ जाते। माना जा रहा है कि सेलवाड़ा में ही इस तरह की अन्य कई खदानें हैं, जिनमें नियमों से परे खनन किया जा रहा है।**

**फिर भी नजर में नहीं आया अवैध खनन**

**विभाग की ओर से चलाए जा रहे अभियानों की भी खानापूर्ति हो रही है। प्रदेशस्तरीय अभियानों का ढिंढोरा जरूर पीटा जाता है, लेकिन सिरोही जिले में कोई खास कार्रवाई नहीं हो पा रही। सेलवाड़ा की इन तीन खदानों में ही जब हजारों मीट्रिक टन अवैध खनन कर लिया गया, लेकिन अधिकारियों की नजर में ही नहीं आ पाया। ऐसे में प्रदेशस्तरीय अभियानों की औपचारिकता भी आसानी से समझ में आ जाती है।**


करोड़ों का मार्बल खोद ले गए और अधिकारी नींद में सोते रह गए

- टीम को दो माइंस में ही मिला हजारों मीट्रिक टन अवैध खनन
- सेलवाड़ा की खदानों में अवैध खनन की शिकायत पर ड्रोन सर्वे

कौन तय करेगा इनकी जिम्मेदारी

सिरोही सेलवाड़ा में ड्रोन सर्वे से ली गई खदानों की तस्वीर।

**इन पट्टाधारकों पर 75 करोड़ का जुर्माना आरोपित**

उल्लेखनीय है कि शिकायत में सेलवाड़ा में खनन पट्टाधारक ओम माइंस एंड मिनरल्स, योगेश गुप्ता व सीमा अग्रवाल के खिलाफ नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया था। शिकायत के बाद जोधपुर अधीक्षण अभियंता ने जांच कमेटी गठित की। टीम ने ड्रोन सर्वे के जरिए जांच कर रिपोर्ट सौंपी। मामले में हजारों मीट्रिक टन अवैध खनन की पुष्टि की गई। साथ ही दो पट्टाधारकों पर 75 करोड़ रुपए का जुर्माना आरोपित किया गया।

**शिकायत मिलेगी तो करेंगे...**

सेलवाड़ा की मार्बल खदानों में अवैध खनन की शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई की गई है। अन्य खदानों के लिए भी शिकायत आएगी तो जरूर जांच की जाएगी।

*- चंदनकुमार, खनिज अभियंता, सिरोही*

# 'धरना-प्रदर्शन कोरी वाहवाही लूटने का स्टंट'

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष चिराग रावल ने पूर्व विधायक के धरना-प्रदर्शन को कोरी वाहवाही लूटने का स्टंट बताते हुए पुरजोर शब्दों में निंदा की है। साथ ही सनातन धर्म विरोधी बयानों को लेकर भी भर्त्सना की है। उन्होंने बताया कि पूर्व विधायक संयम लोढ़ा सनातन धर्म के प्रति पूर्वाग्रह से ग्रसित है। सनातन के विरोध में बार-बार अनर्गल शब्द बोलना उचित नही है। इससे सनातन धर्म से जुड़े लोगों की भावनाएं आहत हो रही है। प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि आदर्श विद्या मंदिर पिछले 30 वर्षों से रामझरोखा परिसर में चल रहा है। इससे किसी को समस्या नहीं है और निर्विवादित रूप से संचालन हो रहा है। लेकिन, पूर्व विधायक इसका विरोध कर रहे हैं। मंडल अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि पूर्व विधायक कई बार इस तरह के बयान दे चुके हैं, जिससे सनातन धर्म से जुड़े लोगों की भावनाएं आहत हुई है। प्राचीन परंपरा के अनुसार एक मंदिर के साथ गुरुकुल की परंपरा रही है। यहां से एकत्र की गई सेवा निधि हर वर्ष अभाव ग्रस्त लोगों के लिए भेजी जा रही है।

# मजदूर की हत्या का राजफाश

## दिनभर घर में छुपाए रखा शव और रात को बाहर रख आया

- प्राकृतिक मृत्यु दर्शाने को शहीद स्मारक के पास रखा शव
- शराब पार्टी के बाद हुए झगड़े में कर दी दोस्त की हत्या

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** सरूपगंज थाना क्षेत्र के भूला गांव में मजदूर की हत्या का राजफाश करते हुए पुलिस ने एक जने को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मृतक का दोस्त है तथा शराब पार्टी के बाद झगड़ा होने से हत्या करना बताया जा रहा है। वहीं, हत्या को प्राकृतिक मृत्यु दर्शाने की खातिर शव को शहीद स्मारक के पास रख दिया, ताकि लोगों को यही लगे कि अत्यधिक शराब पीने से मौत हो गई।

थाना प्रभारी गीतासिंह के अनुसार गत 30 नवम्बर को भूला स्थित लीलुड़ी-बड़ली शहीद स्मारक के पास एक शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। पास ही पड़े थैले की जांच करने पर उसकी शिनाख्त हुई। मृतक की पहचान भूलसी-रघुल (हमीरपुर-उत्तरप्रदेश) निवासी जयपाल पुत्र डीबिया के रूप में की गई। उसके भाई बाबू पुत्र डीबिया उर्फ दिबिया प्रजापत ने की तथा अज्ञात लोगों पर हत्या का मामला दर्ज करवाया। इसके बाद पुलिस ने टीम गठित कर जांच शुरू की तथा खुलासा किया।

**इसलिए टेढ़ी खीर था मामला सुलझाना**

पुलिस के लिए इस हत्या की गुत्थी सुलझाना टेढ़ी खीर साबित हो रहा था। मृतक गांवों में फेरी लगाकर गुब्बारें बेचता था। वह भूला में ही रहता था। यह इलाका आदिवासी व पहाड़ी होने से तकनीकी व सीसी टीवी फुटेज मिलना मुश्किल था। ऐसे में मुखबीर तंत्र के जरिए आरोपी तक पहुंचा जा सका।

# अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा की बैठक सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा की जिला इकाई की आज सम्पन्न हुई बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल द्वारा की गई। बैठक में जिला एवं प्रदेश संरक्षक गोपाल अग्रवाल, जिला अध्यक्ष सतीश चंद्र अग्रवाल, सह सचिव घनश्याम मित्तल, कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष पुष्पलता तायल एवं महामंत्री रेखा अग्रवाल सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकारणी सदस्य उपस्थित रहे। मीटिंग में आश्योजित कियें जाने वाले आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। सभी ने समाज हित महत्वपूर्ण सुझाव दिए। आगामी कार्यक्रमों के लिए एक 5 सदस्यों की कमेटी बनाई गई। जो कार्य को मूर्त रूप देने का कार्य करेगी। मीटिंग में प्रदेश कार्यकारणी में लिए गए सभी साथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। अंत में धन्यवाद जिला अध्यक्ष सतीश चंद्र अग्रवाल द्वारा दिया गया।

# योगी आदित्यनाथ के गुरूभाई व विश्व हिन्दू महासंघ भारत के राष्ट्रीय संयोजक महंत मुकेश नाथ जी महाराज शुक्रवार से मेवाड़ दौरे पर

## -उदयपुर व राजसमंद में होगा भव्य स्वागत, अधिकारियों से करेंगे चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री व गोरखपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ के गुरूभाई एवं विश्व हिन्दू महासंघ भारत के राष्ट्रीय संयोजक महंत मुकेश नाथ महाराज दो दिवसीय मेवाड दौरे पर शुक्रवार को उदयपुर पहुंचेंगे। यहां वे कार्यकर्ताओं से सनातन मुद्दों को लेकर चर्चा करेंगे। यहां उनके भव्य स्वागत की तैयारियां की गई है। विश्व हिन्दू महासंघ भारत के राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा जारी सूचना के अनुसार मुकेश नाथ महाराज 5 दिसंबर को उदयपुर एवं 6 दिसंबर को राजसमंद में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। वे शुक्रवार सुबह उदयपुर पहुचेंगे जहां सभी सनातन प्रेमियों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। दोपहर में वे जिला प्रशासन व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा करने के बाद दोपहर 4.30 बजे महाकाल मंदिर, शाम 7.30 बजे महासतिया चैराहा स्थित हनुमान मंदिर तथा रात 8.30 बजे बोहरा गणेश मन्दिर दर्शन करने तथा भक्तों से भेंट के लिए जाएंगे। इससे पूर्व शाम को उनकी स्थानीय कार्यकर्ताओं और विशिष्ठ अतिथियो के साथ बैठक होगी जिसमें वे राजस्थान में संगठन की आगामी रणनीति व विस्तार पर चर्चा करेंगे।

अगले दिन 6 दिसंबर को राजसमंद जिले के नाथद्वारा में सुबह 9 बजे राम दरबार मंदिर एलआईसी ऑफिस के पास तथा शाम 5 बजे ग्राम पीपरडड़ा बस स्टैंड पर समस्त सनातन प्रेमियों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। राजसमंद में भी वे प्रशासन व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा करेंगे।

# सात दिवसीय सांस्कृतिक साहित्यिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता

## सर्वांगिण विकास के लिए खेल जरूरी - प्रो. सारंगदेवोत

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** राजस्थान विद्यापीठ के संघटक लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की ओर से आयोजित सात दिवसीय सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन महाविद्यालय के खेल मैदान पर किया गया। पारम्परिक खेलों में विद्यार्थियों का उत्साह देखने को मिला। विशेषकर छात्राओं ने कबड्डी में अपनी खेल प्रतिभा को दिखाया। विजयी प्रतिभागियों को आगामी 15 दिसम्बर को होने वाले वार्षिकोत्सव समारोह में सम्मानित किया जायेगा।

प्रतियोगिता का शुभारंभ कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, राज्यपाल के सलाहकार प्रो. कैलाश सोडाणी का कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग, डॉ. युवराज सिंह राठौड़ ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि खेलों से जीवन में आगे बढने एवं टीम भावना जागृत होती है। सर्वांगीण विकास के लिए खेल जरूरी है।

खेल प्रभारी डॉ. रोहित कुमावत ने बताया कि छात्र वर्ग की 100 मीटर दौड़ में विजय सिंह मीणा, अल्केश मेघवाल, लक्षित मेनारिया - 200 मीटर में हंसराज मीणा, अम्बा लाल मीणा, पुरण मल गाडरी, 400 मीटर में सागर मेनारिया, जोगाराम, कुंदन चैबीसा - छात्रा वर्ग में 100 मीटर में कल्पना कुंवर देवडा, निर्मला नाथ, गायत्री सालवी, 200 मीटर में कल्पना देवडा, पायज गुर्जर, अमीशा मीणा, 400 मीटर में ज्योति कुंवर, कल्पना कुंवर, कुसुम डांगी प्रथम, द्वितिय व तृतीय स्थान पर रहे। तश्तरी फैंक में छात्र वर्ग में श्रवण कुमार, लक्षित मेनारिया, अनिल सुथार, छात्रा वर्ग में ज्योति कुंवर , फिरदोस बानू, माया कुमारी प्रथम, द्वितिय व तृतीय स्थान पर रहे। गोला फैंक में छात्र वर्ग में जितेन्द्र , मोहन लाल, अल्केश मेघवाल, छात्रा वर्ग में गायत्री, कुसुम, पायल प्रथम, द्वितिय व तृतीय स्थान पर रहे।

कार्यक्रम में प्रो. सरोज गर्ग, डॉ. युवराज सिंह राठौड़, समाजसेवी भरतभानु सिंह देवडा, अरविंद बडाला, डॉ. रचना राठौड, डॉ. अमी राठौड, डॉ. बलिदान जैन, डॉ. बीएल श्रीमाली, निजी सचिव कृष्णकांत कुमावत, डॉ. अमीत बाहेती, डॉ. निवेदिता, डॉ. अनिता कोठारी, डॉ. रोहित कुमावत, डॉ. हरीश चैबीसा, डॉ. अमित दवे, डॉ. हरीश मेनारिया सहित संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. हरीश चैबीसा ने किया।

# नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद का जन्मदिन मनाया

## अजय मेघवंशी बोले - आजाद युवाओं की आवाज है



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )।** ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत टोरड़ा गुजरान में बुधवार को आजाद समाज पार्टी कांशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद का जन्मदिवस उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्थानीय कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने चंद्रशेखर आजाद के छायाचित्र के सामने सामाजिक न्याय एवं समानता की लड़ाई को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। इसके बाद केक काटकर और लड्डू वितरित कर जन्मोत्सव मनाया गया। समारोह स्थल जय भीम - जय संविधान के नारों से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता अजय मेघवंशी (रामपुरा) ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद सिर्फ एक राजनीतिक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि युवाओं की उम्मीद, संघर्ष और स्वाभिमान के प्रतीक हैं। उनके विचार हमें समानता, अधिकार और संविधान की मूल भावना को समझने व जीने की प्रेरणा देते हैं। आज उनके जन्मदिवस पर हम सभी यह संकल्प लेते हैं कि हम उनके मिशन को गाँव-गाँव और घर-घर तक पहुँचाएँगे। समाज का हर वंचित और पिछड़ा व्यक्ति न्याय पाए - यही हमारे आंदोलन का मूल उद्देश्य है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने संविधान के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए भारत का संविधान जिंदाबाद का आह्वान किया। समारोह में भीम आर्मी के शेरसिंह, सौरभ मुलोदिया, संदीप सरदार, अजय मेघवंशी (रामपुरा), मुकेश मुलोदिया, अन्नु, बाबू मुलोदिया, रिंकू आर्य (टोरड़ा) सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अनूपगढ़ में रेल सुविधाओं का विस्तार तय

## समिति ने सौंपा ज्ञापन, प्रबंधक ने दिया आश्वासन



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** अनूपगढ़ रेलवे स्टेशन पर उत्तर पश्चिम रेलवे मंडल बीकानेर के प्रबंधक गौरव गोविल के आगमन के अवसर पर अनूपगढ़ रेल विकास समिति ने क्षेत्र की प्रमुख रेल आवश्यकताओं से संबंधित विस्तृत ज्ञापन सौंपा। सीमावर्ती क्षेत्र की बढ़ती जनसंख्या, व्यापारिक गतिविधियों में वृद्धि और यात्रियों की लगातार बढ़ती रेल निर्भरता को देखते हुए समिति ने कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं।

समिति द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में सरूपसर बाईपास रेलवे लाइन बिछाने, तिलक ब्रिज भिवानी एक्सप्रेस (14737/14738) को अनूपगढ़ तक विस्तार देने, अनूपगढ़-सूरतगढ़ पैसेंजर (59714) को हनुमानगढ़ तक बढ़ाने, तथा बठिंडा-सूरतगढ़ (59720) के समय को संशोधित करते हुए दोपहर 2:20 बजे करने की मांग प्रमुख रही। समिति ने कहा कि इन बदलावों से यात्रियों को अत्यधिक सुविधा मिलेगी और ट्रेन संचालन में भी सुगमता आएगी। इसी क्रम में अनूपगढ़-रायसिंहनगर नई रेल लाइन, अनूपगढ़ से अमृतसर, हरिद्वार और जयपुर तक सीधी रेल सेवा, अनूपगढ़ से बीकानेर नई रेल लाइन, तथा स्टेशन पर वाशिंग लाइन स्थापित करने की आवश्यकता पर भी विस्तार पर ज्ञापन सोपा गया।

इसके अलावा, रेलवे स्टेशन पर बढ़ती सुरक्षा आवश्यकताओं को देखते हुए आरपीएफ चौकी को पुनः स्थापित करने की भी मांग रखी गई। इस दौरान उत्तर पश्चिम रेलवे मंडल बीकानेर के प्रबंधक गौरव गोविल ने ज्ञापन में उठाए गए मुद्दों पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए मौके पर ही अपने अधीनस्थ अधिकारियों को अनूपगढ़ में आरपीएफ चौकी को पुनः स्थापित करने, तथा अनूपगढ़ से हरिद्वार के लिए नई रेल सेवा का प्रस्ताव बनाने संबंधी चर्चा की।

इस मौके पर अनूपगढ़ रेल विकास समिति के अध्यक्ष रमेश शेवकानी, डीआरयूसीसी सदस्य बब्बू बहोलिया,संरक्षक गंगा बिशन सेतिया, जलंधर सिंह तूर, प्रवक्ता ओम चुघ, महासचिव सुखविंदर सिंह मक्कड़, कोषाध्यक्ष सर्वजीत सिंह सर्वा, होटल यूनियन के छगन बजाज, संयुक्त व्यापार संघ अध्यक्ष विजय धुड़िया, बार संघ अध्यक्ष रमेश सारस्वत, पार्षद संजय चुघ समाजसेवी खुशाल चूचरा, करण सिंह यादव, सौरभ सेतिया, सुशील योगी सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# प्रदेश उपाध्यक्ष बनने के बाद बिहारीलाल बिश्नोई का गुसांईसर आगमन , गुड़ से तौल कर किया भव्य स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्ति के उपरांत बिहारीलाल बिश्नोई के प्रथम गुसांईसर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच, जेसीबी से पुष्पवर्षा कर और गुड़ से तौलकर ऐतिहासिक एवं भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत, ज़िलाध्यक्ष श्याम पंचारिया, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष भंवर जांगीड, भाजपा नेता कोजूराम सारस्वत, शिवरतन ओझा, कुंभाराम गोदारा, मदन दास स्वामी, पवन स्वामी, गणेश दास स्वामी, जगदीश डूडी, अशोक मारू सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर, साफा बाँधकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर बिश्नोई का सम्मान किया। पूरे कार्यक्रम में भारी उत्साह और व्यापक जनसहभागिता देखने को मिली। अपने संबोधन में बिहारीलाल बिश्नोई ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए ओबीसी आयोग एवं राज्य सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियों को विस्तार से रेखांकित किया ।

**सालासर क्रेसर हमले का खुलासा**

# प्रागपुरा थाना पुलिस ने दो बदमाशों को चंद घंटों में दबोचा

## थानाधिकारी भजनाराम की तत्परता से मिली सफलता



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )।** प्रागपुरा थाना क्षेत्र के बुचारा सड़क मार्ग स्थित सालासर क्रेसर पर हुए जानलेवा हमले का खुलासा करते हुए थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर लोगों में भरोसा और मजबूत हुआ है। जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार बिश्नोई ने बताया कि जयपुर रेंज आईजी के निर्देशानुसार जिले में वांछित व शातिर अपराधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत प्रागपुरा थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गोलीकांड के आरोपी कुछ ही समय में गिरफ्तार कर लिए। घटना के अनुसार माजरा ढाकोडा, थाना हरसौरा निवासी कृष्ण गुर्जर (31) ने प्रागपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह बुचारा मैन रोड पर स्थित सालासर क्रेसर पर भोजनालय चलाता है। 1 दिसंबर की रात करीब 9:30 बजे वह रोहित गुर्जर के साथ बातचीत कर रहा था, तभी अचानक तेज धमाका हुआ और गोली आकर लग गई। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर भारतीय दंड संहिता की धारा 109 (1) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत जांच शुरू की। घटना को गंभीरता से लेते हुए एएसपी नाजिम अली के सुपरविजन, डीएसपी उमेश निठारवाल के निर्देशन तथा प्रागपुरा थानाधिकारी भजनाराम के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। थानाधिकारी भजनाराम ने पूरी मुस्तैदी, सतर्कता एवं नेतृत्व क्षमता का परिचय देते हुए टीम को लगातार आवश्यक टास्क सौंपे तथा त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की। गठित पुलिस टीम ने अथक प्रयासों और त्वरित कार्रवाई के चलते घटना में शामिल राहुल यादव (20) पुत्र रामनिवास यादव, निवासी सुखाली तन भैंसलाना और रोहित (19) पुत्र राजू गुर्जर, निवासी ढाणी बल्डा तन टोरडा गुजरान दोनों मुख्य आरोपियों को धर-दबोचा। स्थानीय जनमानस द्वारा थानाधिकारी भजनाराम एवं उनकी टीम की सक्रियता की सराहना की जा रही है।

# चिकित्सा जगत में फर्जीवाड़ा: तीन डॉक्टर गिरफ्तार

## विदेश से एमबीबीएस, भारत में एफएमजीई में फेल... फिर 16 लाख में खरीदे नकली सर्टिफिकेट; करौली और दौसा मेडिकल कॉलेज से इंटर्नशिप का खुलासा

**बढ़ता राजस्थान**



जयपुर, (का.स.)। एसओजी ने एक अत्यंत संवेदनशील और गंभीर मामले का भंडाफोड़ करते हुए मेडिकल सिस्टम में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि विदेश से मेडिकल की डिग्री लेने के बाद भारत में अनिवार्य फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन पास न करने वाले तीन व्यक्तियों को फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर सरकारी मेडिकल कॉलेजों में इंटर्नशिप करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

**कैसे हुआ फर्जीवाड़े का पर्दाफाश**

एडीजी बंसल ने बताया कि एसओजी को सूचना मिली थी कि डॉ0 पियूष कुमार त्रिवेदी निवासी दौसा ने एफएमजीई परीक्षा में बार-बार असफल होने के बावजूद एक आपराधिक गिरोह की मदद से फर्जी एफएमजीई सर्टिफिकेट तैयार करवा लिया। इसी फर्जी प्रमाणपत्र के दम पर उसने एनएमसी से इंटर्नशिप की अनुमति प्राप्त की और उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज, करौली में इंटर्नशिप के लिए आवंटन भी मिल गया था। जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद एसओजी ने प्रकरण दर्ज कर गहन जांच शुरू की।

**16 लाख में खरीदे फर्जी दस्तावेज़**

जांच में सामने आया कि आरोपी डॉ0 पियूष ने जॉर्जिया से एमबीबीएस की डिग्री ली थी, लेकिन भारत में प्रैक्टिस करने के लिए अनिवार्य स्नरूत्रश्व परीक्षा में वह 2022, 2023 और 2024 में लगातार तीन बार असफल रहा। बार-बार फेल होने पर उसने अपने परिचित डॉ0 देवेन्द्र सिंह गुर्जर से संपर्क किया। देवेन्द्र ने अपने साथी डॉ0 शुभम गुर्जर एवं अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर पियूष को ?16 लाख के बदले फर्जी एफएमजीई सर्टिफिकेट और एनएमसी रजिस्ट्रेशन दिलवाया। एसओजी की गहन जांच में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि यह गोरखधंधा केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं था। डॉ0 शुभम गुर्जर ने खुद भी फर्जी एफएमजीई सर्टिफिकेट के आधार पर राजीव गांधी अस्पताल, अलवर में और डॉ0 देवेन्द्र सिंह गुर्जर ने भी इसी गिरोह के माध्यम से नकली प्रमाणपत्र प्राप्त किया और राजकीय मेडिकल कॉलेज, दौसा में अपनी इंटर्नशिप पूर्ण की।

**आगे की कार्रवाई- नेटवर्क की खोज**

एसओजी ने गिरफ्तार तीनों आरोपियों डॉ0 पियूष, डॉ0 शुभम और डॉ0 देवेन्द्र को न्यायालय में पेश कर पुलिस अभिरक्षा प्राप्त की जा रही है। एसओजी अब इस पूरे नेटवर्क की जड़ तक जाने की तैयारी में है। जांच का दायरा फर्जी एफएमजीई सर्टिफिकेट तैयार करने वाले मुख्य नेटवर्क, इसमें शामिल बिचौलियों और फर्जी डिग्री के आधार पर इंटर्नशिप कर चुके अन्य डॉक्टर्स की पहचान पर केंद्रित है।

एसओजी ने साफ किया है कि मेडिकल सेक्टर की पवित्रता और आमजन की सुरक्षा से जुड़े इस गंभीर अपराध में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

वाणिज्यिक कर विभाग की बड़ी कार्रवाई

# 14 बोगस बिल वाले वाहन पकड़े गोपनीय जांच में हुआ खुलासा

**बढ़ता राजस्थान**



**जयपुर, (का.स.)।** मुख्य आयुक्त, राज्य कर कुमार पाल गौतम के परिवहन जांच संबंधी निर्देषों की अनुपालना में वाणिज्यिक कर विभाग की स्टेट जीएसटी प्रवर्तन शाखा ने बड़ी कार्यवाही करते हुए लगभग 15 दिनों तक गोपनीय तरीके से राष्ट्रीय राजमार्गों पर संचालित होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों पर यात्री के रूप में ठहरकर कर चोरी में संलग्न वाहनों के बारे में मानवीय आसूचना एकत्र की। इसके साथ ही मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया। कुमार पाल गौतम ने बताया कि जीएसटी पोर्टल और ह्यूमन इंटेलिजेंस के आधार पर यह कार्यवाही की गई, जिसके परिणामस्वरूप मार्बल एवं ग्रेनाइट, लैड स्क्रेप, परचून, ब्रास मेटल और सुपारी से लदे हुए कुल 14 वाहनों को विधिवत निरूद्ध किया गया। इन वाहनों में जिन फर्मों के बिल लगाए गए थे, वे सभी विभागीय जांच में अस्तित्वहीन और बोगस पाई गईं।

उन्होंने आगे बताया कि परचून के नाम पर ब्रास मेटल स्क्रेप बिना विधिक दस्तावेजों के दिल्ली से गुजरात भेजा जा रहा था। इसी प्रकार, कर्नाटक से सुपारी के दस्तावेजों के आधार पर नागपुर भेजे जाने की योजना थी, लेकिन सुपारी से लदा वाहन नागपुर की बजाय दिल्ली की ओर जा रहा था, जिसे सवाईमाधोपुर के निकट विभाग की टीम ने निरूद्ध किया। विभाग द्वारा इन सभी प्रकरणों में गहनता से विश्लेषण किया जा रहा है ताकि यह पता लगाया जा सके कि किन संगठित गिरोहों द्वारा बिना उचित विधिक दस्तावेजों और बिना कर चुकाए मूल्यवान माल का परिवहन कर राजस्व को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। अब विभाग द्वारा जब्त किए गए वाहनों में लदे माल का भौतिक सत्यापन और मूल्यांकन किया जाएगा, और नियमानुसार कर एवं शास्ति वसूली जाएगी। श्री कुमार पाल गौतम के निर्देषों के तहत आगे भी इंटेलीजेंस आधारित परिवहन जांच कार्यवाही जारी रहेगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक का आयोजन

**बढ़ता राजस्थान**



**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** जिला एवं सैषन न्यायाधीष शिवानी सिंह के निर्देशानुसार एडीजे प्रथम डॉ. राजेश कुमार की अध्यक्षता में गुरूवार को राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण से संबंधित लम्बित प्रकरणों का आगामी 21 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक निस्तारण के प्रयास करने के संबंध बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एडीजे तृतीय डॉ. अंजूम खान, एडीजे चतुर्थ डॉ. सुरेश कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव डिम्पल जंडैल आदि न्यायिक अधिकारियों समेत जिला अभिभाषक संघ अध्यक्ष एड. उदय सिंह तंवर, सचिव एड. हेमंत शर्मा, एड. राधेश्याम, एड. गोपाल गुप्ता, एड. सौरभ, विमल कुमार व अन्य विद्वान अधिवक्ता मौजूद रहें। इस दौरान एडीजे प्रथम डॉ. राजेश कुमार ने अधिवक्ताओं से मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण के प्रकरणों के निस्तारण में आ रही समस्याओं, कारणों को चिन्हित कर उनके निस्तारण को लेकर चर्चा की। साथ ही प्रकरणों के निस्तारण हेतु अधिवक्ताओं से सुझाव आमंत्रित किये। उन्होंने बताया कि रालसा द्वारा आगामी 21 दिसम्बर को वर्ष 2025 की अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत में आपसी समझाईश से प्रकरणों के निस्तारण का कार्य किया जाता है। लोक अदालत में आपसी मनमुटाव व विवाद को दोनों पक्षों की सहमति से दूर करने के प्रयास किये जाते हैं। जिससे दोनों पक्षों की जीत सुनिश्चित होती है।

# जयपुर में यातायात नियम तोडऩे वालों पर मोबाइल कोर्ट' की सख्ती

**बढ़ता राजस्थान**

**जयपुर, (का.स.)।** राजधानी जयपुर में अब यातायात नियमों की अनदेखी करना चालकों को भारी पड़ रहा है। जयपुर महानगर प्रथम की मोबाइल कोर्ट ने नियम तोडऩे वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए अधिकतम अभियोजन व्यय लगाना शुरू कर दिया है।

यह कार्रवाई न्यायालय अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट कम-13 व 14 के पीठासीन अधिकारी रोहित शर्मा (आर.जे.एस.) व हिमांशू चावला (आर.जे.एस.) के नेतृत्व में की जा रही है।

# पशुपालन, डेयरी और गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने गोपालन और डेयरी की समीक्षा बैठक ली

**बढ़ता राजस्थान**



**जयपुर, (का.स.)।** पशुपालन, डेयरी और गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने गुरुवार को सचिवालय में गोपालन एवं डेयरी विभाग की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति, पशुधन संरक्षण, डेयरी विकास कार्यों, गौशालाओं के सुदृढ़ीकरण तथा आगामी बजट घोषणा पर विस्तार से चर्चा की गई।

मंत्री कुमावत ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गौवंश संरक्षण से जुड़े कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से लागू किया जाए तथा प्रदेश के प्रत्येक जिला स्तर पर योजनाओं का समयबद्ध लाभ आमजन तक पहुँचाया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गोपालन क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसी उद्देश्य से विभागीय प्रक्रियाओं में पारदर्शिता तथा गति सुनिश्चित की जा रही है। बैठक में गौशालाओं की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति, पशुओं के लिए चारे-पानी की उपलब्धता, बाड़ेबंदी कार्य, गौशालाओं के लंबित अनुदान, डेयरी विकास गतिविधियों तथा दुग्ध उत्पादों के विपणन को बढ़ावा देने जैसे मुद्दों की समीक्षा की गई। मंत्री कुमावत ने गोपालन विभाग के अधिकारियों को अनुदान वितरण के लिए एक कैलेंडर बनाकर सख्ती से उसका पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौशाला विकास योजना का पोर्टल पूरे समय खुला रहना चाहिए जिससे कार्य अबाधित रूप से होता रहे और गौशालाओं के संचालकों का प्रशिक्षण जल्द से जल्द पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने नंदीशाला, गौशाला विकास और पशु आश्रय स्थलों का निर्माण जैसी योजनाओं की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए काम मे तेजी लाने के निर्देश दिए।




## सम्पादकीय

# जारी रहे एसआईआर, सुप्रीम कोर्ट ने भी माना आवश्यक काम

मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के खिलाफ दायर याचिकाओं की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जिस तरह यह कहा कि यह एक आवश्यक काम है और संबंधित कर्मचारियों यानी बीएलओ को इसे करना ही होगा, उसके बाद इस प्रक्रिया के खिलाफ खड़े लोगों को यह समझ आ जाए तो अच्छा कि इस पहल का विरोध करने से कुछ हासिल होने वाला नहीं है।

यह विचित्र है कि विपक्षी दल एसआईआर के खिलाफ न केवल संसद में मोर्चा खोले हुए हैं, बल्कि सुप्रीम कोर्ट में भी याचिकाओं का ढेर लगाए हुए हैं। इसके पहले वे बिहार में इस प्रक्रिया के दौरान वोट चोरी का आरोप लगाते हुए सडक़ों पर उतरे थे। यह व्यर्थ की कसरत ही सिद्ध हुई थी। बावजूद इसके विपक्षी दल यह समझने को तैयार नहीं कि वे एक हारी हुई लड़ाई लड़ रहे हैं। आखिर जब अतीत में मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण होता रहा है और अभी हाल में बिहार में इस काम को कहीं कम समय में किया गया, तब फिर विपक्षी दल किस आधार पर यह आस लगाए हैं कि सुप्रीम कोर्ट 12 राज्यों में जारी इस प्रक्रिया को रोक देगा? सुप्रीम कोर्ट लगातार यही संकेत दे रहा है कि वह एसआईआर को रोकने के पक्ष में नहीं, लेकिन शायद विपक्षी दल दीवार पर लिखी इबारत पढने को तैयार नहीं। यह राजनीतिक हठधर्मी ही है। विपक्षी दलों की इस बात में तो कुछ तत्व दिखता है कि एसआईआर का काम कर रहे बीएलओ दबाव में हैं, लेकिन इस समस्या का समाधान यह नहीं कि इस प्रक्रिया को रोक दिया जाए। यह अच्छा हुआ कि सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को निर्देश दिए कि वे एसआईआर कर रहे कर्मचारियों की संख्या बढ़ाएं, उनके काम का बोझ कम करें और आवश्यक हो तो उन्हें अवकाश भी दें।

इससे इन्कार नहीं कि एसआईआर का काम अपेक्षाकृत श्रमसाध्य है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि इस कारण उसे कराया ही न जाए। ऐसे तो कल को कोई यह भी कह सकता है कि जनगणना एक जटिल काम है और उसे न कराया जाए तो अच्छा। यदि कोई काम तनिक कठिन या समय खपाऊ है तो वह अनावश्यक नहीं हो जाता। जो विपक्षी दल एसआईआर के विरोध में खड़े हैं, उन्हें बताना चाहिए कि क्या उनके बीएलए बीएलओ की मदद कर रहे हैं? तथ्य यह है कि अनेक दल इसकी परवाह नहीं कर रहे हैं कि उनके कार्यकर्ता बीएलओ का काम आसान करें। उचित यह होगा कि आम लोग बीएलओ का सहयोग करें। लोकतंत्र को पुष्ट करने वाली एसआईआर प्रक्रिया सही तरीके से संपन्न हो, यह जिम्मेदारी आम जनता की भी है। सरकारी कर्मियों की तरह आम लोगों के भी कुछ दायित्व होते हैं। उन्हें अपने नागरिक धर्म का निर्वाह करना चाहिए। कई जगह यह देखने में आ रहा है कि बीएलओ को कुछ लोगों के यहां बार-बार जाना पड़ रहा है या फिर फोन करना पड़ रहा है।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 5 दिसंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 2013 - यमन की राजधानी सेना में रक्षा मंत्रालय परिसर पर आतंकवादी हमले में 52 लोगों की मौत।
- 2008 - रूस के राष्ट्रपति दामित्री मे देवेदेव ने अगली पीढ़ी की परमाणु अभियांत्रिकी को भारत के साथ संयुक्त रूप से विकसित करने का प्रस्ताव किया। काँग्रेस ने अशोक चाव्हाण को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बनाने की घोषणा की।
- 2007 - अमेरिका में लड़ाकू विमान एफ़-16 मिसाइलरोधी प्रणाली से लैस किया गया। पाकिस्तान की सर्वोच्च न्यायालय ने आपातकाल तक मीडिया पर लगे प्रतिबन्धों को चुनौती देने वाली एक याचिका को खारिज किया।
- 2005 - एक नये क़ानून द्वारा ब्रिटेन में समलैंगिक पुरुष (गे) और समलैंगिक स्त्री (लेस्बियन) का वैध सम्बन्ध स्थापित करने की मान्यता दी गयी।
- 2003 - चेचेन्या में ट्रेन में आत्मघाती हमले में 42 लोगों की मृत्यु, जबकि 160 घायल। राष्ट्रकुल देशों के शासनाध्यक्षों का चार दिवसीय सम्मेलन अबुजा में प्रारम्भ।
- 2001 - अफग़ानिस्तान में हामिद करजई के नेतृत्व में अंतरिम सरकार के गठन पर चारों गुट सहमत।
- 2000 - अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति चुनाव में जार्ज बुश के पक्ष में फैसला दिया।
- 1999 - चेचेन्या में रूस ने अस्थायी तौर पर सेना तैनात करने की घोषणा की।
- भारतीय सुंदरी युक्ता मुखी 'मिस वर्ल्ड' चुनी गईं।
- 1998 - रूस 2002 में भारतीय नौसेना को 'क्रिवाक श्रेणी' के बहुउद्देश्यीय युद्धपोत देने पर सहमत।
- 1997 - भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुम्बिनी, इटली में पोम्पेली और हम्रयूलेनियम स्थल, पाकिस्तान में शेरशाह सूरी निर्मित रोहतास का क़िला और बांग्लादेश में सुंदरवन को यूनेस्को ने विश्व धरोहर में शामिल किया।
- 1993 - मुलायम सिंह यादव पुन: (उत्तर प्रदेश) के मुख्यमंत्री बने थे।
- 1992 - भारत के अयोध्या (उत्तर प्रदेश) में स्थित बाबरी मस्जिद का विवादास्पद ढांचा गिरा दिया गया। इसके साथ ही भारत के अनेक हिस्सों में दंगे भडक़ उठे।
- 1990 - विवादास्पद लेखक सलमान रुश्दी दो वर्ष के अंतराल के बाद पहली बार लोगों के सामने आये।
- 1989 -मुलायम सिंह यादव पहली बार (उत्तर प्रदेश) के मुख्यमंत्री बने
- 1974 - माल्टा गणराज्य घोषित।
- 1971 - भारत ने बंगलादेश को एक देश के रूप में मान्यता दी।
- 1960 - अफ्रीकी देश घाना ने बेल्जियम के साथ राजनयिक संबंध समाप्त किये।

## विशेष आलेख

# जवाबदेही की नई राह : मंत्रियों की कार्य-रिपोर्ट और सदन अध्यक्ष द्वारा समीक्षा



डॉ सत्यवान सौरभ

**मंत्रियों के कार्य-काज की नियमित रिपोर्ट तैयार की जाए।रिपोर्टों की समीक्षा सदन के अध्यक्ष द्वारा की जाए। प्रक्रिया से पारदर्शिता, कार्यक्षमता और जवाबदेही बढ़ेगी। लोकतांत्रिक नियंत्रण और तटस्थ मूल्यांकन को संस्थागत रूप मिलेगा।**

लोकतंत्र की सफलता केवल जनता की भागीदारी पर निर्भर नहीं करती, बल्कि इससे भी अधिक इस बात पर आधारित होती है कि शासन-तंत्र कितना जवाबदेह, पारदर्शी और परिणामोन्मुख है। भारत जैसे विशाल और बहुस्तरीय लोकतंत्र में यह प्रश्न कई गुना अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या मंत्री—जो विभिन्न मंत्रालयों के शीर्ष प्रशासक हैं—अपने विभाग के कार्य, नीतियों और दैनिक प्रशासनिक निर्णयों के प्रति पर्याप्त रूप से उत्तरदायी हैं? समय-समय पर यह चिंता व्यक्त की जाती रही है कि शासन में पारदर्शिता की कमी, जवाबदेही का अभाव और नीतिगत अस्पष्टता जैसी समस्याएँ निर्णय-प्रक्रिया को कमजोर करती हैं।

इन्हीं परिस्थितियों में यह विचार उभरता है कि मंत्रियों के कार्य-काज की नियमित रिपोर्ट तैयार की जाए और उसकी समीक्षा सदन के अध्यक्ष द्वारा की जाए। यह प्रस्ताव मात्र प्रशासनिक सुधार नहीं है; यह लोकतांत्रिक व्यवस्था में शक्ति-संतुलन, नैतिक जिम्मेदारी और जन-विश्वास को सुदृढ़ करने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। भारत की संवैधानिक संरचना में कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के बीच संतुलन अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यपालिका के रूप में मंत्री शासन-व्यवस्था की धुरी होते हैं, परंतु उनकी जवाबदेही अक्सर केवल चुनावी परिणामों या राजनीतिक आलोचनाओं तक सीमित रह जाती है। यदि इनके दायित्वों और निर्णयों का नियमित आकलन एक संस्थागत प्रक्रिया के अंतर्गत हो, तो शासन न केवल अधिक पारदर्शी होगा बल्कि जनता के प्रति अधिक उत्तरदायी भी बन सकेगा। मंत्रियों की कार्य-रिपोर्ट तैयार करने का विचार शासन के उस बुनियादी सिद्धांत को मजबूत करता है, जिसमें कार्यपालिका को अपनी प्रत्येक गतिविधि का तर्कसंगत विवरण देना होता है। एक व्यवस्थित रिपोर्ट मंत्री को बाध्य करती है कि वह अपने विभाग की वास्तविक स्थिति, योजनाओं की प्रगति, वित्तीय उपयोग, चुनौतियों और भविष्य के लक्ष्यों को सत्य और स्पष्ट रूप में वर्णित करे। यह दस्तावेज़ किसी राजनीतिक भाषण या प्रचार की तरह नहीं, बल्कि शासन का एक प्रामाणिक रिकॉर्ड बनता है।

यदि इस रिपोर्ट की समीक्षा सदन अध्यक्ष द्वारा की जाती है, तो इसकी विश्वसनीयता और गंभीरता दोनों ही बढ़ जाती हैं। सदन अध्यक्ष भारतीय लोकतंत्र में तटस्थता के सर्वोच्च प्रतीक माने जाते हैं। उनकी भूमिका केवल सदन की कार्यवाही का संचालन करने तक सीमित नहीं होती, बल्कि वे विधायी नैतिकता और संसदीय मर्यादाओं के संरक्षक भी होते हैं। उनकी समीक्षा एक निष्पक्ष, संतुलित और राजनीतिक प्रभाव से मुक्त दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है।

यह तर्क दिया जा सकता है कि ऐसी प्रणाली मंत्री की स्वतंत्रता को सीमित कर देगी। परंतु यह समझना आवश्यक है कि लोकतंत्र में किसी भी पद की स्वतंत्रता जिम्मेदारी के साथ जुड़ी होती है, उससे अलग नहीं होती। जब एक मंत्री जानता है कि उसके प्रत्येक निर्णय का औपचारिक दस्तावेज़ बनकर समीक्षा के लिए जाएगा, तो वह नीतिगत गंभीरता और प्रशासनिक अनुशासन को और मजबूत रूप से अपनाता है।

इसके साथ ही, एक ऐसी रिपोर्टिंग व्यवस्था शासन में निरंतरता भी सुनिश्चित करती है। मंत्रालयों में मंत्रियों का परिवर्तन सामान्य प्रक्रिया है, परंतु अक्सर नीतियाँ इसी संक्रमण में कमजोर पड़ जाती हैं क्योंकि नई नेतृत्व टीम को पिछली प्रगति की सटीक जानकारी नहीं मिल पाती। नियमित रिपोर्टें इस समस्या का समाधान प्रस्तुत करती हैं। इससे शासन में न केवल पारदर्शिता बढ़ती है बल्कि नीतिगत निरंतरता और प्रशासनिक स्थिरता भी सुनिश्चित होती है। दुनिया के कई लोकतांत्रिक देशों में ऐसी व्यवस्थाएँ पहले से मौजूद हैं। ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे देशों में मंत्रियों की नियमित रिपोर्ट संसद या उसकी समितियों के समक्ष प्रस्तुत की जाती है। यह प्रक्रिया दिखाती है कि जवाबदेही केवल राजनीतिक आलोचना का विषय नहीं है, बल्कि शासन का एक अनिवार्य अंग है। भारत में यदि यह प्रणाली लागू होती है, तो यह वैश्विक मानकों के अनुरूप एक आधुनिक और पारदर्शी प्रशासनिक ढाँचा स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम होगा।

ऐसी रिपोर्टिंग प्रणाली का एक अन्य महत्त्वपूर्ण पक्ष जनता का अधिकार है। भारत में नागरिक बार-बार यह भावना व्यक्त करते हैं कि शासन-तंत्र उनके प्रति पर्याप्त रूप से पारदर्शी नहीं है। योजनाओं की प्रगति, बजट का वास्तविक उपयोग और समय-सीमाएँ अक्सर अस्पष्ट रहती हैं। इस प्रस्ताव के लागू होने से जनता को भी मंत्रालयों के कार्य-काज का प्रामाणिक सार सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया जा सकता है, जिससे एक स्वस्थ लोकतांत्रिक संवाद स्थापित होगा।

सदन अध्यक्ष द्वारा की गई समीक्षा आलोचना का रूप नहीं होगी; यह सुधारात्मक प्रक्रिया का एक हिस्सा बनेगी। समीक्षा से मिली टिप्पणियाँ मंत्री के लिए दिशानिर्देश बन सकती हैं, जो विभाग की कार्यक्षमता और नीतियों की गुणवत्ता को और ऊँचा उठाने में मदद करेंगी। जब तंत्र निष्पक्ष निगरानी के साथ चलता है, तो लापरवाही और विलंब जैसी समस्याएँ स्वतः ही कम हो जाती हैं। यह प्रस्ताव शासन की उस बुनियादी धारणा को फिर से स्थापित करता है कि सत्ता का उद्देश्य केवल अधिकार नहीं, बल्कि कर्तव्य भी है। मंत्री जब अपने दायित्वों का नियमित लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हैं, तो वे न केवल प्रशासनिक पारदर्शिता में योगदान देते हैं, बल्कि लोकतांत्रिक नैतिकता को भी मजबूत करते हैं।

# 05 दिसम्बर: विश्व मृदा दिवस

## मिट्टी मौन है, पर संकट मुखर हम कब जागेंगे



प्रो. आरके जैन


*मानव इतिहास पर नजर डालें तो सभ्यताएँ मिट्टी की गोद में ही जन्मी और पनपी हैं। सिंधु घाटी की पकी ईंटें, मिस्र के पिरामिडों की नींव, माया सभ्यता की खेती सब कुछ मिट्टी के भरोसे था। पर विडंबना यह है*

हर सुबह जब सूरज की पहली किरण धरती के देह पर पड़ती है, हममें से शायद ही कोई ठहरकर यह सोचता है कि हमारे पैरों तले बिछी मिट्टी सिर्फ धूल का ढेर नहीं—एक धडक़ता, सांस लेता, बहुस्तरीय ब्रह्मांड है। वही मिट्टी, जिसके भीतर अनगिनत अदृश्य जीव पलते हैं; जो हमारे भोजन का कण उगाती है; जो जल की हर बूंद को छानकर जीवनदायी बनाती है; जो पेड़ों को थामे रखती है और पृथ्वी के सूक्ष्म से विशाल हर चक्र को संतुलित करती है। विश्व मृदा दिवस हमें झकझोर कर याद दिलाता है कि यह मिट्टी वह अनसुनी, अनदेखी और लगभग भुला दी गई नायिका है, जिसके बिना कोई सभ्यता नींव नहीं पा सकती और कोई भविष्य आकार नहीं ले सकता। दरअसल, मिट्टी निर्जीव कणों का ढेर नहीं— यह एक जीवित, जटिल और संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र है, जहां हर कण में जीवन की कहानी चलती है। एक मु_ी स्वस्थ मिट्टी में जितने सूक्ष्मजीव होते हैं, मानव जाति की कुल संख्या भी उनके आगे छोटी पड़ जाए। यही सूक्ष्मजीव, फंगी, केंचुए और जड़ें मिलकर एक अदृश्य संगीत रचते हैं—जो पौधों की वृद्धि, जल चक्र, पोषक तत्वों के प्रवाह और धरती की उर्वरता का पूरा तंत्र चलाता है। लेकिन विडंबना यह है कि यही मिट्टी आज सबसे भीषण संकट से गुजर रही है। हर पाँच सेकंड में एक फुटबॉल मैदान जितनी उपजाऊ मिट्टी हमारे हाथों से फिसलती जा रही है कटाव, अंधाधुंध खेती, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की भेंट चढक़र। मानव इतिहास पर नजर डालें तो सभ्यताएँ मिट्टी की गोद में ही जन्मी और पनपी हैं। सिंधु घाटी की पकी ईंटें, मिस्र के पिरामिडों की नींव, माया सभ्यता की खेती सब कुछ मिट्टी के भरोसे था। पर विडंबना यह है कि जिस मिट्टी ने हमें सभ्य बनाया, आधुनिकता की अंधी रफ्तार में हमने उसी को कभी न खत्म होने वाला संसाधन समझकर बेरहमी से निचोड़ डाला। फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गनाइज़ेशन की रिपोर्ट साफ चेतावनी देती है—दुनिया की लगभग 33त्न मिट्टी पहले ही क्षरण की चपेट में है। भारत में स्थिति और भी गंभीर है हर साल 5.3 अरब टन उपजाऊ मिट्टी नदियों में बहकर या मरुस्थलीकरण की गिरफ्त में आकर खो जाती है। इतना ही नहीं, देश के अनाज भंडार कहे जाने वाले पंजाब और हरियाणा में भी मिट्टी का जैविक कार्बन 0.1-0.3प्रतिशत तक गिर गया है, जबकि स्वस्थ मिट्टी के लिए कम से कम 2त्न आवश्यक माना जाता है यह गिरावट सिर्फ संख्या नहीं, आने वाले खतरे की स्पष्ट घंटी है।

हमने मिट्टी को खेतों की एक 'उत्पादन मशीन' समझ लिया जितना खाद डालो, उतना उगाओ। रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के लगातार प्रयोग ने मिट्टी के भीतर के जीव-जगत को लगभग सुन्न कर दिया। मिट्टी सख्त होती गई, उसकी पानी सोखने की क्षमता घटती गई, और नतीजतन सूखे और बाढ़ दोनों ही बढ़ते गए। वैज्ञानिकों की चेतावनी साफ है—यदि यही रफ्तार जारी रही तो 2050 तक पृथ्वी की 90त्न मिट्टी इतनी क्षतिग्रस्त हो जाएगी कि उसे पुनर्जीवित करना लगभग असंभव होगा। और इसका अर्थ केवल यह नहीं कि फसलें कम होंगी; इसका अर्थ है कि हम आने वाली पीढियों से वह आधार छीन लेंगे।

## लघुकथा | बढ़ता राजस्थान

### नदियाँ और समुद्र



एक ऋषि थे, जिनका शिष्य तीर्थाटन करके बहुत दिनों के बाद वापस आया। संध्या-समय हवन-कर्म से निवृत होकर जब गुरु और शिष्य, जरा आराम से, धूनी के आर-पार बैठे, तब गुरु ने पूछा, तो बेटा, इस लंबी यात्रा में तुमने सबसे बड़ी कौन बात देखी?

शिष्य ने कुछ सोचकर कहा, सबसे बड़ी बात तो मुझे यह लगी कि देश की सारी नदियाँ बेतहाशा समुद्र की ओर भागी जा रही है।

गुरु बोले, अरे, इसमें कौन सी बड़ी बात हैं?

शिष्य ने निवेदन किया, बड़ी बात तो है महाराज! अब यही देखिए कि जितनी नदियाँ हैं, वे सब की सब श्रद्धेय हैं, उनका रूप मनोहर और जल सुस्वादु है और उनके किनारों पर इतने फूल खिलते हैं, इतने पक्षी चहचहाते रहते हैं कि आदमी का जी वहाँ से हटने को नहीं चाहता। मगर नदियाँ हैं कि एक क्षण कहीं रुकने का नाम नहीं लेती, वे भागी जा रही है, भागी जा रही हैं। और किसकी तरफ को महाराज? उस समुद्र की तरफ को, जिसका रंग नीला और सारा शरीर लवण से तिक्त है, जिसके मुंह से हर समय पागलों की तरह झाग चलता रहता है और जिसे यह फिक्र ही नहीं रहती कि कौन उससे मिलने को आ रहा है।

ऋषि ने कहा, बेटा, समुद्र और नदियां नारी है। नारियों का स्वभाव है कि वे अपने प्रेमी का चुनाव, गुण देखकर करती है। समुद्र नीला और खारा भले ही हो, मगर वह गंभीर हैं और बड़ा मर्यादावान भी। इसलिए वह न तो कभी घटता है और ना उसमें बाढ़ ही आती है। ऐसे सुगंभीर मर्यादा-पुरुषोत्तम का आकर्षण भला कौन नारी रोक सकती हैं?

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

### हड्डियों से आती है चटकने की आवाज,जानें लक्षण और इलाज



कूल्हे में दर्द होना बहुत ही नॉर्मल सी बात है। लेकिन इस दर्द की वजह से अगर आपको चलने, उठने और बैठने या डेली रुटीन के काम करने में परेशानी आती हैं, तो आपको डॉक्टर को दिखाना चाहिए। हो सकता है कि यह दर्द नॉर्मल न होकर कूल्हों का गठिया या ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या हो।

जी हां कूल्हे के गठिया को अंग्रेजी में हिप अर्थराइटिस के नाम से जाना जाता है। यह रोग भी गठिया की ही तरह जोड़ों की सूजन और दर्द से जुड़ा रोग है। जो आमतौर पर विटामिन सी, विटामिन डी और कैल्शियम की कमी की वजह से होता है। ज्यादातर लोग बढ़ती उम्र के साथ हड्डियों की कमजोरी और चलने-फिरने में दिक्कत की शिकायत करने लगते हैं। ऐसे में कुछ खास मौसम में या फिर कई बार उठने-बैठने पर गठिया का दर्द बढ़ जाता है।

इन तरीकों से हिप के अर्थराइटिस से करें बचाव -

रोजाना एक्सरसाइज करें -

डाइट में प्रोटीन, विटामिन और कैल्शियम को शामिल करें

- वजन को कंट्रोल में रखें
- विटामिन डी की जांच कराएं, अगर ये कम है तो डॉक्टर से सलाह लें
- कम नमक और चीनी का सेवन करें
- उचित जूते पहनें -

शराब का सेवन न करें - स्मोकिंग करने से बचें

- रात को समय पर सोएं

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए निवेश संबंधी मामले में अनुकूल रहने वाला है, क्योंकि आप आज शेयर मार्केट आदि में इन्वेस्टमेंट करने की प्लानिंग करेंगे और प्रॉपर्टी को लेकर भी कोई डील फाइनल हो सकती है।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपके घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। विद्यार्थी किसी प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं, जिसमें उन्हें जीत अवश्य मिलेगी।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है, लेकिन आप किसी की काम को लेकर योजना बनाकर चलें, क्योंकि आपकी सेहत में कोई गड़बड़ी हो सकती है।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपकी कोई डील यदि लंबे समय से अटकी हुई थी, तो उसके भी फाइनल होने की संभावना है। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी और आपका विश्वास भी मजबूत रहेगा।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलने के लिए रहेगा। परिवार के सदस्यों के साथ आप समय बिताएंगे और आप जीवनसाथी से कुछ जरूरी मुद्दों को लेकर बातचीत कर सकते हैं।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा। बिजनेस में आपको अच्छा लाभ मिलेगा। परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आज आपके काम में कुछ गुप्त शत्रु उत्पन्न होंगे, जो आपकी समस्याओं को बढ़ाएंगे। जो विद्यार्थी विदेश जाकर पढ़ाई करना चाहते हैं, उन्हें कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको छुटपुट लाभ की योजनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा। आप कहीं घूमने-फिरने जाने के प्लानिंग करेंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए प्रभाव और प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। जीवनसाथी को आप कही घूमाने-फिराने लेकर जा सकते हैं। आपके सामने कुछ अनचाहे खर्च आ सकते हैं, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। रोजगार के तलाश में इधर-उधर भटक रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। वरिष्ठ सदस्यों का सहयोग आप पर बना रहेगा।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी बात को लेकर क्रोध करने से बचना होगा। आपको अपने काम को लेकर योजना बनाकर चलना होगा।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। यदि आपको कोई शारीरिक समस्या लंबे समय से घिरे हुए थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है और आपको किसी कानूनी मामले में अच्छा खासा खर्च करना होगा।

## कोटड़ी में बसों के ठहराव की मांग पर हाईवे जाम, प्रशासन के आश्वासन पर जाम खत्म



बढ़ता राजस्थान

टोडारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)। उपखंड क्षेत्र में स्थित कोटड़ी गांव में प्रस्तावित रोडवेज बस स्टेण्ड पर बसों के ठहराव की मांग को लेकर ग्रामीणों ने गुरुवार को जयपुर-भीलवाड़ा स्टेट हाईवे 12 पर जाम लगा दिया। विद्यार्थियों व ग्रामीणों व आम यात्रियों को बसें नहीं रुकने से हो रही भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के लिए केकड़ी और मालपुरा जाना होता है। लेकिन बसें नहीं रुकने से उन्हें घंटों खड़े रहना पड़ता है और कई बार तय समय पर पहुंचना भी मुश्किल हो जाता है। लगातार अनदेखी से नाराज ग्रामीणों ने कोटड़ी चौराहे पर विरोध जताते हुए सड़क जाम कर दी। जाम के कारण वाहनों की लंबी लाइनें लग गई जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन ग्रामीण मांग पर अड़े रहे। बाद में उपखण्ड अधिकारी अमित चौधरी ने मौके पर पहुंचकर समस्याएं सुनी और बसों का ठहराव सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम खोला गया। जाम के दौरान मालपुरा-केकड़ी मार्ग पर करीब दो किलोमीटर लंबी कतारें लगी रही और दो घंटे बाद यातायात सुचारू हो सका।

## संस्कार ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स, दांता में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का हुआ भव्य शुभारम्भ



बढ़ता राजस्थान

दांतारामगढ़ (नि.स.)। दांता कस्बे में अवस्थित संस्कार ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स में खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारम्भ प्रातः 10 बजे संस्थान के खेल मैदान में माँ सरस्वती एवं गणेशजी महाराज की पूजा अर्चना कर व खेल ध्वज फहरा कर संस्थान के चैयरमैन प्रकाश भाकर व प्राचार्य डॉ. बुधप्रकाश, डॉ. आर. के. सैनी व स्कूल प्राचार्य राधा कृष्णन द्वारा किया गया। संस्थान के चैयरमैन प्रकाश भाकर ने बताया कि संस्थान में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है, जिसमे प्रथम दिन वॉलिबाल, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, लम्बी कूद, उंची कूद तथा द्वितीय दिन कबड्डी खो-खो, बास्केटबाल, चम्मच दौड़, टेबल टेनिस आदि खेलो का आयोजन संस्थान में किया जायेगा एवं इनका फाइनल मैच 06 दिसंबर (शनिवार) को होगा। उन्होंने बताया कि प्रथम दिन छात्र/छात्राओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया एवं अन्य खेलो का भी आयोजन किया जायेगा।

## टोडारायसिंह बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव 12 दिसम्बर को

बढ़ता राजस्थान

टोडारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)। अभिभाषक संघ टोडारायसिंह के वार्षिक चुनाव 12 दिसम्बर को होंगे। बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में चुनाव अधिकारी एपीपी दिग्विजय सिंह होंगे तथा सह चुनाव अधिकारी शंकरलाल धाकड़ और देवकीनंदन सैनी होंगे। अभिभाषक सभागार भवन में अभिभाषक संघ अध्यक्ष अनुराग शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में वार्षिक चुनाव करवाने का निर्णय पारित किया गया। चुनाव प्रक्रिया 5 दिसंबर शुक्रवार से मतदाता सूची का प्रकाशन के साथ शुरू होगी। फार्म भरने की तिथि 5 दिसंबर शुक्रवार से 8 दिसंबर सोमवार दोपहर 12 बजे तक, फार्म की जांच 8 दिसंबर सोमवार को 12 बजे से सायंकाल 5 बजे तक, फार्म वापस लेने 9 दिसम्बर मंगलवार को सायंकाल 4 बजे तक तथा मतदान 12 दिसम्बर शुक्रवार को दोपहर बाद 3 बजे तक, तत्पश्चात मतगणना की जाएगी।

## पुलिस थाना मोर ने 1 साल 9 माह से फरार चोरी के आरोपी को दबोचा

बढ़ता राजस्थान



टोडारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)। पुलिस थाना मोर द्वारा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हाथ लगी है। अति. पुलिस अधीक्षक मालपुरा श्री मोटाराम बेनीवाल के निर्देशन में तथा वृताधिकारी मालपुरा श्री आशीष प्रजापत के सुपरविजन में, थानाधिकारी मोर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चोरी के प्रकरण में पिछले 01 साल 09 माह से फरार वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी मुकेश कुमार पुत्र नन्दलाल, जाति सैनी, उम्र 26 वर्ष, निवासी लसाडिया (पुलिस थाना केकड़ी, जिला अजमेर) है, जो वर्तमान में गोपालनगर, प्लॉट नंबर 05, मदरामपुरा, मालियों की ढाणी, थाना मुहाना, जयपुर में रह रहा था। पुलिस ने बताया कि आरोपी लंबे समय से चोरी के मामले में फरार चल रहा था, जिसे 03 दिसंबर 2025 को दबोच लिया गया। गिरफ्तारी के बाद आगे की कार्रवाई प्रगति पर है।

## विवाहिता नगमा की संदिग्ध मौत पर परिजनों का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन ससुराल पर हत्या का आरोप

बढ़ता राजस्थान

टोंक,(पुरुषोत्तम जोशी)। शहर में कोतवाली थाना इलाके के इंदिरा कॉलोनी में 14 नवंबर को विवाहिता की संदिग्ध मौत के मामले में परिजनों ने गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और हत्या का आरोप लगाकर जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग उठाई है। दरअसल 14 नवंबर को 32 वर्षीय विवाहिता नगमा ने सुसाइड की थी। परिजनों का आरोप है की दहेज की मांग को लेकर मृतका नगमा का पति शाहजेब, ससुर खुर्शीद सहित अन्य लोग उसे प्रताड़ित करते रहे थे। परिजनों का यह भी आरोप है की उसके ससुराल वालों ने उसकी हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की है। परिजनों ने मामले में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### जिले में 12 करोड़ रुपये से अधिक राशि के कुल 168 कार्यो का हुआ लोकार्पण व शिलान्यास

# शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने दी आमजन को विकास कार्यो की सौगात

बढ़ता राजस्थान



टोंक,(पुरुषोत्तम जोशी)। शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने गुरुवार को जिला मुख्यालय टोंक के कृषि ऑडिटोरियम में आयोजित ''स्वच्छता ही सेवा'' कार्यशाला के दौरान पंचायतीराज विभाग द्वारा जिले में 12 करोड़ रुपये से अधिक राशि के कुल 168 कार्यो का बटन दबाकर लोकार्पण व शिलान्यास कर आमजन को विकास की सौगात दी। इस दौरान मंत्री दिलावर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 में स्वच्छ और स्वस्थ भारत बनाने के लिए एक राष्ट्रीय मिशन के रुप स्वच्छता अभियान की शुरुआत की थी। मंत्री दिलावर ने स्वच्छता पर जोर देते हुए पॉलिथीन के उपयोग को मानव जीवन के लिए खतरा बताया। साथ ही इसके दुष्प्रभावों से बचने की सलाह दी। पंचायतीराज मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा हर ग्राम पंचायत में स्वच्छता के लिए प्रत्येक माह एक लाख रुपये की राशि दी जाती है, इसे उचित प्रबंधन के साथ खर्च करने की इच्छा शक्ति होनी चाहिए। उन्होंने गांवों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए बर्तन बैंक को अपनाने पर जोर दिया। इसके लिए विधायक कोष से प्रत्येक ग्राम पंचायत को एक लाख रुपये की राशि से बर्तन खरीदने की स्वीकृति दी गई है, ताकि सामाजिक आयोजनों में प्लास्टिक का उपयोग नही हो, और पर्यावरण को नुकसान नही पंहुचे। उन्होंने जिला प्रमुख सरोज बंसल की तारीफ करते हुए कहा कि टोंक जिले की सभी 228 ग्राम पंचायतों में जिला परिषद मद से यह कार्य पूर्ण हो चुका है। इससे गांवों में 30 प्रतिशत स्वच्छता स्वतः हो जाएगी। मंत्री दिलावर ने कहा है कि लोग अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। यह कार्य केवल अकेले सरकार के भरोसे नहीं छोड़े। सामूहिक भावना से कार्य करने पर ही बदलाव संभव है और यह हमारी भावी पीढ़ी के लिए जरुरी है। श्री दिलावर ने प्रशासक, ग्राम विकास अधिकारियों से स्वच्छता पर संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना तथा उसके समाधान को लेकर सुझाव दिए। कैबिनेट मंत्री ने स्वदेशी अपनाने और अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई। जलदाय मंत्री मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने बच्चों को स्वच्छता के संस्कार बचपन से ही देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है और जनता के पैसे से ही विकास कार्यो को किया जाता है, इसमें भ्रष्टाचार नहीं होना चाहिए। इस दौरान जिला प्रमुख सरोज बंसल ने अपने पांच साल के कार्यकाल के विकास कार्यो के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उन्होंने जिले के विकास का हर संभव प्रयास किया है। विधायक राजेन्द्र गुर्जर, रामसहाय वर्मा एवं जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौहान ने भी स्वच्छता पर अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, सीइओ परशुराम धानका, एसीइओ ललित कुमार पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, पूर्व जिला प्रमुख सत्यनारायण चौधरी, पूर्व विधायक अजीत मेहता, प्रधान देवली बनवारी जाट, प्रधान मालपुरा सकराम चौपड़ा प्रधान पीपलू रतनी देवी चंदेल, प्रधान निवाई रमेश लांगड़ी, प्रधान उनियारा फूला बाई मीना, गणेश माहुर, सतीश चंदेल, विष्णु शर्मा, समेत बड़ी संख्या में ग्राम पंचायतो के प्रशासक, जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य मौजूद रहे। मंच संचालन कवि प्रदीप पंवार ने किया।

## प्रशासन का अवैध कॉलोनियों पर चला पीला पंजा

### दशहरा मैदान व खणदेवत रोड पर काटी गई अवैध कॉलोनियों पर हुई कार्रवाई,सड़कों को किया खुर्द-बुर्द

बढ़ता राजस्थान



निवाई (का.स.)। गुरुवार को राजस्व विभाग व नगरपालिका की गठित संयुक्त टीम ने अवैधरूप से काटी जा रही कॉलोनियों पर कार्रवाई की गई। एसडीएम प्रीति मीणा के निर्देशन में खणदेवत रोड व जयपुर-टोंक रोड पर दशहरा मैदान के पास स्थित सीता विहार कॉलोनी में चार-पांच जेसीबी मशीनों की सहायता से बनाई गई सड़कों को ध्वस्त किया गया। जिससे कॉलोनाइजर व अवैधरूप से बिना भू रूपांतरण करवाए व सरकारी जमीनों पर कब्जा कर कॉलोनियां काट रहे भू माफियाओं में हड़कंप मच गया है। पालिका अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट ने बताया कि अवैध कालोनिया काटने वाले कॉलोनाइजर्स को गुरुवार को नोटिस जारी किए गए हैं। क्षेत्र में मुख्य सड़क मार्गो पर कृषि भूमि, खातेदारी जमीन पर स्थानीय व बाहरी कॉलोनाइजर्स अवैध कॉलोनियां काट रहे हैं। जिससे किसानों एवं राजस्व विभाग को बड़ा नुकसान उठाना पड़ रहा है। शहर सहित कई मुख्य सड़क मार्ग पर कॉलोनाइजर्स बिना राजस्व विभाग की अनुमति के बिना राजस्व शुल्क जमा करवाए अवैध रूप से कृषि भूमि व खातेदारी जमीन पर अवैध कॉलोनियां काट रहे हैं। खेतो में मिट्टी एवं मोहर्रम डालकर सड़कों का निर्माण कर रहे हैं। वहीं बिना अनुमति के विद्युत पोल एवं गढ्ढ गाड़ रहे हैं। कॉलोनाइजर्स बरोनी शिवाड रोड सहितललवाडी मोड, बहकवारोड, गुंसी अजीतपुरा, शिवाजी कॉलोनी सहित कई स्थानों पर अवैध कॉलोनियां काटकर दोगुने व तिगुने भाव में बेचकर मोटी कमाई कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के भोले भाले किसानों के साथ धोखाधडी करके उनको लालच देकर सस्ते भाव में उनकी कीमती जमीनें खरीदकर अवैध कॉलोनियां काट रहे हैं। जिससे गरीब किसानों को अपने खेतों से भी हाथ धोना पड़ रहा है।

## हमीरपुर में खाद वितरण, पर्याप्त मात्रा में नहीं मिलने पर विरोध प्रदर्शन करने की दी चेतावनी

बढ़ता राजस्थान



टोडारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)। उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत हमीरपुर के ग्राम सेवा सहकारी समिति में आज पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं होने के कारण भूखे प्यासे ग्रामीण शाम तक डटे रहे फिर भी ग्रामीणों को शाम तक 3 कट्टे यूरिया व एक नैनो यूरिया की बोतल दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम सेवा सहकारी समिति में खाद की बहुत कमी है क्योंकि किसानों को उनकी फसल के लिए एक किसान को 5 से 10 कट्टो की आवश्यकता है और सहकारी समिति वाले उन्हें 3-3 कट्टे दे रहे हैं। जिनसे उनकी फसल को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो रहा है और हम यदि बाजार में खाद लेने जाते हैं तो नकली व अत्यधिक दामों पर खाद मिल रहा है जिससे हमारी आय पर अत्यधिक भार पड़ रहा है। यदि सरकार समय पर उन्हें खाद उपलब्ध नहीं करती है ग्रामीणों का कहना है कि सरकार के द्वारा खाद की आपूर्ति जल्द की जाए जिससे हमारे फसल को किसी तरह की परेशानी नहीं हो और पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध होगा तो हमें बिना लाइन लगे हुए ही या बिना टोकन के माध्यम से खाद आसानी से मिल जाएगा।यदि समय रहते खाद नहीं मिला तो हमीरपुर के समस्त ग्रामवासी सहकारी समिति व पंचायत के बाहर विरोध प्रदर्शन करेंगे। ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष यश नारायण योगी व्यवस्थापक का कहना है कि सहकारी समिति में 670 कट्टे ही उपलब्ध करवाए गए हैं, जो पर्याप्त नहीं है हम कोशिश कर रहे हैं कि एक-दो दिन में और खाद मंगवाकर वितरण करवाएंगे। जिससे किसानों की खाद की मांग पूरी हो सके कुछ ग्रामीण विरोध भी कर रहे हैं ! ग्रामीण मोरपाल, लखन, सत्यनारायण ,नरेश, सोयब, हेमराज चोपड़ा, सूरज सहित कई किसान खाद के लिए सुबह से शाम तक डटे रहें।

## चारों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 10 लाख 54 हजार 322 प्रपत्र डिजिटाइज

बढ़ता राजस्थान

सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)। भारत निर्वचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) के दौरान जिले की सभी चार विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता गणना प्रपत्रों को डिजिटाइज करने का काम गुरुवार को पूरा हो गया है। जिले में कुल 10 लाख 54 हजार 322 गणना पत्र डिजिटाइज किए गए हैं। ऑनलाइन किए गए अधिकतर प्रपत्रों की वर्ष 2002 की पुरानी मतदाता सूचियों के साथ मिलान (मैपिंग) का कार्य भी पूरा हो चुका है। इस प्रकार, एसआईआर-2026 के कार्य में सवाई माधोपुर प्रदेश के अग्रणी जिलों में है। जिला निर्वाचन अधिकारी काना राम ने बताया कि जिले में बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) द्वारा जिले में मतदाताओं को गणना प्रपत्र (ईएफ) घर-घर वितरित किए गए और उनमें सम्बंधित मतदाताओं एवं उनके परिजनों के विवरण दर्ज कर वापिस प्राप्त किए गए है। बुधवार को 4 बजे तक डिजिटाइज किए गए प्रपत्रों में से केवल 17 हजार 704 प्रपत्र की मैपिंग शेष थी। उन्होंने कहा कि इस कार्य में सभी बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, सहायक अधिकारियों-कार्मिकों ने उत्साह और लगन के साथ भागीदारी की और मतदाताओं के ईएफ को ऑनलाइन और पुराने रिकार्ड से मिलान का कार्य पूरा कर लिया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि गंगापुर सिटी विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 75 हजार 713 मतदाताओं के गणना प्रपत्र डिजिटाइज करने का काम बुधवार को ही पूरा हो गया था।

## नगर पालिका व विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपए की लागत के हो रहे है विकास कार्य-रामसहाय वर्मा

बढ़ता राजस्थान



निवाई (का.स.)। शहर के वार्ड नंबर 20 भगतसिंह कॉलोनी में 80 लाख रुपए की लागत से नवीन सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया गया है। समारोह में मुख्य अतिथि निवाई पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा रहे। अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने की। विशिष्ट अतिथि भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष नितिन छाबड़ा व पार्षद परसराम कुमावत रहे। भाजपा शहर महामंत्री जयनारायण कुमावत ने बताया कि कार्यक्रम में सभी अतिथियों का वार्ड वासियों द्वारा स्वागत किया गया। वार्ड वासियों ने सभी अतिथियों को 50 मीटर लंबा साफा बंधवाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि नगर पालिका व विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपए की लागत के विकास कार्य वर्तमान समय में किए जा रहे हैं। समारोह की अध्यक्षता करते हुए पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने कहा कि वार्ड में सामुदायिक भवन के निर्माण से शहर में रहने वाले हर वर्ग के लोगों को सुविधा उपलब्ध होगी। नगर पालिका क्षेत्र में प्रत्येक वार्ड में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन बन जाने से अब लोगों को महंगे मैरिज गार्डन की आवश्यकता नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि शहर में अगर कचरा संग्रहण गाड़ी नहीं आती है तो इसकी तुरंत सूचना दें। उन्होंने यह भी बताया कि शहर में अनेकों विकास कार्य वर्तमान समय में प्रगति पर हैं। निवाई शहर सहित विधानसभा क्षेत्र विकास की ओर प्रगति पर है। स्थानीय पार्षद परसराम कुमावत ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। समारोह में पालिका अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट, पूर्व भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष रामावतार घाटी, पूर्व प्रधान ममता जाट, जीतपाल गुर्जर, रामविलास बलाई, संजय वर्मा, हनुमान गुर्जर, सियाराम शर्मा, बाबूलाल सैनी, पार्षद शंकर घाटी, अजय पारीक, मनोज पाटनी, लालचन्द सैनी, वंश प्रदीप पारीक, रतनदीप गुर्जर, जीतू विजय, करणसिंह, एडवोकेट रमेश शर्मा, हीरालाल मीणा, तेजकरण बहड, महेन्द्र सारसोप, मोला सैन, अल्लारखा, सत्यनारायण जायसवाल, शंकर पडियार, रामेश्वरप्रसाद जांगिड, मक्खन परिडवाल, सहायक अभियंता चन्द्र प्रकाश मीणा, कनिष्ठ अभियंता चन्द्र प्रकाश चौधरी, कनिष्ठ अभियंता राज प्रताप सिंह राणावत, कनिष्ठ अभियंता पप्पू लाल मीणा, पवन कुमार वर्मा, निशांक जैन,नितेश, राहुल सैन व गणेश शर्मा सहित कई जन प्रतिनिधि व अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### रणथम्भौर के टाईगर की चीता कोरिडोर कूनो में दस्तक

# सुल्ताना के बेटे टी-2512 ने उड़ाई वन विभाग की नींद

बढ़ता राजस्थान



सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)। टाईगर की अपनी पहचान होती है, वह किसी पहचान का मोहताज नहीं होता है ! रणथम्भौर के जंगलों में बाघों की बढ़ती संख्या अब नई टेरिटरी की तलाश में है। इसी कड़ी में सुल्ताना का बेटा टी-2512 सीमा लांघकर मध्यप्रदेश के कूनो नेशनल पार्क तक जा पहुंचा है। जहां देश का पहला चीता प्रोजेक्ट संचालित हो रहा है। बाघ के इस मूवमेंट ने वन विभाग की चिंता बढ़ा दी है, क्योंकि बाघ और चीते का आमना-सामना चीतों के लिए खतरे की घंटी साबित हो सकता है। बाघ की उम्र करीब तीन वर्ष है। यह कोई पहला मौका नहीं है, जब रणथम्भौर से कोई बाघ मध्यप्रदेश के जंगलों तक पहुंचा हो। इससे पहले भी कई बाघ-बाघिन यहां तक जा चुके हैं। रणथम्भौर का बाघ टी-38 करीब आठ साल तक कूनो में रहने के बाद 2020-21 में रणथम्भौर लौट आया था। रणथम्भौर से एमपी पहुंचे बाघों में टी-38 (बाघिन टी-13 की संतान), टी-72, टी-47 (मोहन), टी-132 और टी-136 शामिल हैं। ऐसे पहुंचते हैं एमपी वन विभाग के अनुसार राजस्थान के रणथम्भौर से लेकर एमपी के कूनो राष्ट्रीय अभयारण्य तक नेचुरल टाइगर कॉरिडोर है। रणथम्भौर से निकलकर चंबल के किनारे-किनारे होते हुए बीहड़ों के सहारे अधिकतर बाघ-बाघिन एमपी के कूनो तक पहुंच जाते हैं। रणथम्भौर से कूनों की दूरी करीब सौ किमी है।

#### हो सकता है चीतों को खतरा

कूनो में देश का पहला चीता प्रोजेक्ट संचालित है। यहां नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाए गए चीतों को बसाया जा रहा है। वन्यजीव विशेषज्ञों की मानें तो आमतौर पर बाघ और चीते एक साथ कम ही रहते हैं। चीतों की तुलना में बाघ अधिक शक्तिशाली होते हैं। ऐसे में चीतों का रहना मुश्किल होता है।

#### इनका कहना है

यह सही है कि रणथम्भौर से निकलकर एक बाघ कूनों की सीमा में पहुंच गया है। फिलहाल इसका मूवमेंट एमपी में ही है। इस संबंध में हमने कूनो के वन अधिकारियों को भी अवगत करा दिया है।

**मानस सिंह, उप वन संरक्षक, रणथम्भौर बाघ परियोजना, सवाईमाधोपुर।**

## नगर विकास न्याय की टीम द्वारा बिना न्यास स्वीकृति के अवैध रूप से संचालित 10 इकाइयों को किया सीज



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नगर विकास न्यास की सचिव श्रीमती धीगदे स्नेहल नाना के निर्देशन में आज न्यास क्षेत्राधिकार के ग्राम किशनपुर, श्योदानपुरा, पैतपुर में बिना न्यास स्वीकृति के अवैध रूप से संचालित 10 होटल,रिसोर्ट, पेइंग गेस्ट व रेस्टोरेंट को विधिक प्रक्रिया अपनाने हुए नियमानुसार सीज करने की कार्रवाई की गई। उपखण्ड अधिकारी अलवर माधव भारद्वाज की अध्यक्षता में गठित संयुक्त टीम द्वारा सर्वे रिपोर्ट के आधार पर सरिस्का व अकबरपुर वन क्षेत्रा के बफर व सीटीएच में संचालित होटल, रेस्टोरेंट व पेइंग गेस्ट जो कि बिना भू-संपरिवर्तन के संचालित होने पर देसी ठाठ, दा जंगल लैंप, मेधावन रिसोर्ट, नमन बाग, बाबा होटल, सासू की ढाणी, गुप्ता झील, नील कमल रेस्टोरेंट, राजस्थानी होटल, सिलीसेढ इन इत्यादि 10 इकाइयों को सीज किया गया। नगर विकास न्यास की सचिव श्रीमती धीगदे स्नेहल नाना ने बताया कि न्यास द्वारा शहर के विभिन्न पर्यटन स्थलों के विकास हेतु कार्य किया जा रहा है। उन्होंने आम नागरिकों एवं व्यावसायिक निवेशकों से अपील की है कि पर्यटन क्षेत्रा को और अधिक समृद्ध बनाने की योजना में न्यास का सहयोग करें एवं राज्य सरकार के नियमों एवं न्याय अधिनियम के अनुसार अनुमति, स्वीकृति एवं भू-संपरिवर्तन प्राप्त कर ही इकाइयों की स्थापना करें। इस दौरान नगर विकास न्यास के उप सचिव जितेन्द्र सिंह नरूका, अतिक्रमण निरोधक अधिकारी अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, अकबरपुर थाना अधिकारी मय जाप्ता सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रदेश की भाजपा सरकार दलितों के प्रति जवाबदेह नहीं है-नेता प्रतिपक्ष जूली

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने आरोप लगाया कि प्रदेश की भाजपा सरकार दलितों के प्रति जवाबदेह नहीं है। प्रदेश में दलित समाज एवं गरीब लोगों पर अत्याचार हो रहे हैं, उनकी सुनवाई नहीं हो रही, प्रशासन सोया हुआ है। उन्होंने कहा कि अलवर जिले के माचडी गांव में दलित लोगों के सार्वजनिक कुएं पर कुछ प्रभावशाली लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया और प्रशासन के लोगों द्वारा इसे रोकने के बजाय अवैध कब्जा कराने में सहयोग किया, पुलिस को सूचना देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। नेता प्रतिपक्ष जूली बुधवार को अलवर स्थित अपने कार्यालय पर माचड़ी गांव के लोगों की समस्या सुनने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। जूली ने कहा कि माचड़ी गांव में दलित समाज के सार्वजनिक कुएं पर कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा प्रशासन व पुलिस की मिलीभगत से अवैध कब्जा करने की शिकायत जिला कलक्टर से की गई है। जिला कलक्टर ने इस मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में प्रशासन के जिन लोगों ने मिलीभगत कर अवैध कब्जा कराया है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई हो तथा उन्हें निलंबित किया जाए। साथ ही कुएं पर किया अवैध कब्जा हटवाकर दलित समाज के लोगों को उपयोग का अधिकार दिलाया जाए। जूली ने आरोप लगाया कि प्रदेश में जब से भाजपा सरकार आई हैए तब से दलित व गरीब लोगों पर अत्याचार बढ़ गया है। गरीब लोगों का रोजाना अपमान होता है। मंगलवार को परबतसर में बाबा साहेब अंबेडकर की सरेआम मूर्ति तोड़ दी गई, लेकिन कोई पूछने वाला नहीं है। प्रदेश में दलित अत्याचार में कमी नहीं आ रही हैए सरकार केवल कानून व्यवस्था में सुधार का दिखावा कर रही है। हालात यह है कि अलवर जिले के माचड़ी गांव में प्रभावशाली लोगों द्वारा सार्वजनिक कुएं पर अवैध कब्जे की शिकायत करने करीब 100 लोग पुलिस थाने गए, लेकिन कोई पूछने तक नहीं आया। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने इस मामले में कार्रवाई नहीं की तो आगामी दिनों में जरुरत पडने पर बड़ा आंदोलन भी किया जाएगा। जूली ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा.सीटीएच का दायरा बढ़ाया जा रहा है, उसमें भी लोगों से आपत्तियां नहीं मांगी गई और सीधे ही पारित करना चाह रहे हैं। जिसकी वजह से आने वाले समय में आम लोगों को बड़ी परेशानी आएगी। यहां रजिस्ट्रियों पर रोक लग जाएगी, ना जमीन खरीद सकेंगे, ना बेच सकेंगे, ना मकान बना सकेंगे और कोई अन्य व्यवसायिक गतिविधियां भी नहीं हो सकेंगी। कोटपूतली बहरोड़ पर्यावरण समिति की बैठक कलेक्टर ले रहे हैंए उन्होंने ये एजेंडा ही नहीं रखा कि किसी को सीटीएच पर कोई आपत्ति है क्या। तो ये सब चुपके-चुपके ये काम करना चाह रहे हैं,जिसका आम जनता में भारी विरोध है।

## एसओजी का शिकंजा: एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक में एक और अभ्यर्थी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** राजस्थान की बहुचर्चित उपनिरीक्षक (एसआई) भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक कांड में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने अपनी कार्रवाई तेज करते हुए एक और बड़ी सफलता हासिल की है। एसओजी ने उस अभ्यर्थी को गिरफ्तार किया है जिसने लीक हुए सॉल्व्ड पेपर को पढक़र परीक्षा में अत्यधिक अंक प्राप्त किए थे।

**अभ्यर्थी ने किया था 8 लाख का सौदा :** अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा 2021 के प्रकरण (संख्या 10/2024, थाना एसओजी) में अनुसंधान के दौरान महेन्द्र कुमार चौधरी (34) निवासी नाडा की ढाणी, सामोद, जयपुर ग्रामीण की संलिप्तता सामने आई। जांच में पता चला कि चौधरी ने पेपर लीक के सरगना विनोद कुमार जाट उर्फ विनोद रेबाड़ से ?8 लाख में सौदा किया। इस सौदे के तहत उसने 14 सितम्बर 2021 को परीक्षा से पूर्व दोनों पारियों के हल किए गए पेपर पढ़े थे। पढने के आधार पर ही आरोपी महेन्द्र कुमार चौधरी ने लिखित परीक्षा में चौंकाने वाले अंक प्राप्त किए। उसने हिन्दी विषय में 200 में से 137.21 अंक और सामान्य ज्ञान विषय में 200 में से 158.59 अंक हासिल किए। हालांकि, संयुक्त मेरिट में 474वां स्थान आने के बावजूद ओबीसी कैटेगरी में उसका अंतिम चयन नहीं हो पाया था।

**अन्य परीक्षाओं के लीक में भी थी सक्रियता :** एसओजी ने आरोपी महेन्द्र कुमार चौधरी को मंगलवार 02 दिसम्बर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया और 08 दिसम्बर तक पुलिस अभिरक्षा रिमाण्ड प्राप्त किया है। प्रारंभिक पूछताछ में यह भी सामने आया है कि महेन्द्र कुमार चौधरी केवल एसआई भर्ती तक सीमित नहीं था, बल्कि वह मुख्य सरगना विनोद कुमार जाट के साथ मिलकर अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक प्रकरणों में भी सक्रिय रूप से शामिल रहा है। इस गिरफ्तारी के साथ ही उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक प्रकरण में गिरफ्तार होने वाले आरोपियों की कुल संख्या 133 पहुँच गई है।

## विवाह दिवस संस्कार में गायत्री परिवार ने करवाया यज्ञ



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** गुरूवार को प्रातः 10 बजे अपना घर महिला आश्रम, वैशाली नगर, अलवर में गायत्री परिवार के सक्रिय सदस्य 163 अंबेडकर नगर अलवर निवासी हरीश सैनी अध्यापक और वंदना सैनी अध्यापिका 27 वा विवाह दिवस संस्कार गायत्री यज्ञ के सानिध्य में मनाया गया। यज्ञ में महिला आश्रम की प्रभुजनों ने भी आहुतियां समर्पित की। विवाह संस्कार में दंपत्ति को विवाह के समय दिलाई गई प्रतिज्ञाओं का स्मरण करा कर दो दीपकों की लौ को मिलाकर संकेत दिया कि आप दो शरीर एक आत्मा हैं । एक दूसरे के कंधे पर हाथ रखकर सप्तपदी की रस्म निभाकर संकल्पित कराया कि आपको आगे भी कंधे से कंधा मिलाकर ए कदम से कदम मिलाकरए मतभेद भुलाकर जीवन भर साथ चलना है। अगर इस बीच रिश्तों में कोई मलीनता आ गई हो तो उसे आज ही यज्ञ में हमेशा की लिए स्वाहा कर देना है। इस अवसर पर ससुराल पक्ष, परिवार जन, गायत्री परिवार तथा अपना घर महिला आश्रम के अध्यक्ष डॉक्टर गजेंद्र सिंह तथा अपना घर पुरुष आश्रम के अध्यक्ष सतीश सारस्वत के साथ प्रभुजनों और सेवा साथियों ने माल्यार्पण और पुष्पवर्षा कर आशीर्वाद और शुभ कामना प्रेषित की। मुरारीलाल शर्मा, सतीश सारस्वत और चौधरी चरणसिंह की टोली ने यज्ञ संचालन किया। यज्ञ के समापन पर हरीश सैनी और वंदना सैनी ने अपना घर महिला आश्रम की सभी प्रभुजनों को अपनी तरफ से महा प्रसाद भोजन कराया।

### सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने संसद में उठाई मांग

# जल्द से जल्द शुरू हो मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य-सांसद

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागेरा)।** सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने संसद में राजसमंद संसदीय क्षेत्र के नाथद्वारा में स्वीकृत मेडिकल कॉलेज का निर्माण जल्द से जल्द शुरू करने की मांग उठाई है।सांसद ने मुद्दा उठाते हुए कहा कि संसदीय क्षेत्र राजसमंद के अंतर्गत आने वाले द्वारा नाथद्वारा विधानसभा के गुंजोल ग्राम में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए राज्य के बजट वर्ष 2023 में घोषणा हुई थी और भूमि आवंटन भी किया गया था, परन्तु भवन निर्माण आरंभ अभी तक नहीं हो सका है। इसका क्या कारण हो सकता है ? उन्होंने कहा कि जिले में जनजाति बहुल क्षेत्र है- भीम, कुंभलगढ़ आदि जहां जनजाति समुदाय वर्षों से रह रहे हैं। इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की आवश्यकता है।जहाँ इन क्षेत्रों में नई मेडिकल संस्थाओं का निर्माण कर स्वास्थ्य सेवाओं के विकास की आवश्यकता है, वहीं मौजूदा मेडिकल संस्थाओं में नर्सिंग स्टाफ और डॉक्टरों की संख्या में वृद्धि के साथ उच्च स्तरीय मेडिकल सुविधाओं का विस्तार करना बेहद जरूरी है।और जब गुंजोल में राज्य के बजट के माध्यम से मेडिकल कॉलेज का निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है, तो कोई कारण नहीं बनता है कि इस मेडिकल कॉलेज के निर्माण में आने वाली बाधाओं को दूर न किया जाए जाए।मेडिकल कॉलेज निर्माण में आ रही विभिन्न बाधाओं और मौजूदा स्वास्थ्य संस्थाओं में नर्सिंग स्टाफ सहित आधारभूत मेडिकल सरचनाओं की कमी के कारण जनता विशेषकर नाथद्वारा और जनजाति बहुल क्षेत्र जैसे भीम और कुंभलगढ़ इत्यादि में स्वास्थ्य सेवाओं की आसान उपलधता पर गंभीर असर पडने की संभावना है।क्षेत्र में उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए यथासंभव नीतिगत प्रयास करने जरूरी है।

# जिला कलक्टर ने किया जिला अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण

### अस्पताल को पेशेंट फ्रेंडली बनाने की दिशा में कार्य करने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज सामान्य चिकित्सालय व बस स्टैंड का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला कलक्टर ने सामान्य चिकित्सालय में पर्ची काउंटर, दवा वितरण विंडो, महिला व पुरुष सर्जिकल वार्ड, सर्जिकल आईसीयू, ट्रोमा सेंटर, आईएमएस टेस्ट रूम व शौचालयों के साथ निर्माणाधीन 100 बेडेड वार्ड व 100 बेडेड क्रिटिकल केयर यूनिट का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिये कि अस्पताल को मरीज फ्रेंडली बनाने की दिशा में कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि सर्दी के मौसम के मद्देनजर मरीजों के लिए पर्याप्त गर्म कंबल, हीटर, गर्म पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि निर्माणाधीन 100 बेडेड सीसीयू व 100 बेडेड वार्ड के कार्य को गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने पीएमओ को निर्देश दिये कि कार्यरत श्रमिकों को सुरक्षा उपकरण के साथ ही कार्य कराया जावे। निरीक्षण के दौरान पोस्ट सर्जिकल वार्ड के बाहर गैलरी में सीमेंट के कट्टे रखे हुए मिलने पर उन्होंने तुरन्त शिफ्ट करने के निर्देश दिये। साथ निर्देश दिये कि चिकित्सालय के शौचालय सहित पूरे परिसर में साफ-सफाई में सुधार को और अच्छे स्तर पर ले जाने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर अस्पताल की व्यवस्था का फीडबैक लिया। मरीजों ने अस्पताल की व्यवस्थाओ की सराहना की। जिला कलक्टर ने अलवर आगार की प्रबंधक को बस स्टैंड के औचक निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने, खराब व गंदे डस्टबीन चेंज करने, यात्रियों के लिए वोटिंग रूम की व्यवस्था को दुरस्त करने, महिला यात्रियों के लिए एक वोटिंग रूम शुरू कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि शिशु एवं महिला गृह की देखभाल एवं सुरक्षा हेतु सुरक्षा गार्ड एवं कार्मिकों की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस दौरान पीएमओ डॉ. सुनील चौहान, पीडब्ल्यूडी की अधिशासी अभियन्ता अलका व्यास, आरएसआरडीसी के अधिशासी अभियन्ता सतीश कुमार, अलवर आगार की प्रबंधक श्रीमती सपना मीणा, पीडब्ल्यूडी की सहायक अभियन्ता सौरभ अग्रवाल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## लघु उद्योग भारती, अलवर द्वारा आयोजित उद्योग दर्शन यात्रा में छात्रों को करवाया उद्योगों का भ्रमण



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** लघु उद्योग भारती, अलवर द्वारा आयोजित उद्योग दर्शन यात्रा के अंतर्गत गुरूवार को राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने जीएम हाईटेक इंडस्ट्री का औद्योगिक भ्रमण किया। यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं लाभदायक रहा। भविष्य में भी उद्योग जगत और विद्यार्थियों को जोडने हेतु ऐसी भ्रमण कार्यक्रम का नियमित आयोजन किया जाता रहेगा। यात्रा के दौरान कंपनी के निदेशक श्री सार्थक मोदी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि जो भी विद्यार्थी तकनीकी क्षेत्र में कार्य करना चाहता हैए वह अपनी पढ़ाई पूर्ण करने के बाद कंपनी में शामिल होकर उत्कृष्ट कैरियर बना सकता है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि इच्छुक एवं योग्य विद्यार्थियों को उनकी कंपनी में रोजगार का अवसर उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों को औद्योगिक कौशल और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के लिए प्रेरित भी किया।कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष शशांक झालानी,सचिव पंकज तिवारी एवं सह कोषाध्यक्ष वरुण जैन ने श्री सार्थक मोदी को प्रतीक चिन्ह देकर धन्यवाद ज्ञापित किया।

## अवैध बूचड़खाना संचालित करने पर दुकान सीज़, नगर परिषद की सख्त कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** नगर परिषद ने कस्बे के एलबीएस मार्केट, मैनचौराहा स्थित मेसर्स स्टैण्डर्ड झटका मीट भण्डार पर कार्रवाई करते हुए अवैध बूचडख़ाना संचालन के आरोप में दुकान को सीज़ करने की कार्यवाही शुरू की है।नगर परिषद द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, श्रीजी प्लाज़ा के सामने स्थित इस मीट भंडार के संचालन को लेकर आसपास के दुकानदारों व राहगीरों द्वारा लगातार शिकायतें दर्ज करवाई जा रही थीं। शिकायतों में बताया गया कि दुकान से उत्पन्न गतिविधियों के कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर परिषद के अनुसार संबंधित दुकान संचालक को पहले भी 16 मई 2025 को प्रथम नोटिस (क्रमांक 504) तथा 16 अक्टूबर 2025 को द्वितीय नोटिस (क्रमांक 3271) जारी किए गए थे, लेकिन न तो दुकान बंद की गई और न ही बूचडख़ाना संचालन हेतु आवश्यक स्वामित्व दस्तावेज, अनुमति या लाइसेंस प्रस्तुत किया गया। नगर परिषद ने स्पष्ट कहा कि बिना अनुमति बूचडख़ाना चलाना नगरपालिका अधिनियम-2009 का उल्लंघन है। नियमों की अवहेलना और नोटिसों की अनदेखी को गंभीर मानते हुए परिषद ने दुकान को तत्काल प्रभाव से सीज़ / बंद करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।नगर परिषद ने चेतावनी दी है कि आगे भी बिना लाइसेंस ऐसे किसी भी अवैध प्रतिष्ठान के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## लर्निंग कम्युनिटीज द्वारा सरकारी देवखेडा एवं खुदनपुरी स्कूलों में बच्चो को जनसहयोग से स्वेटर वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** आर.डी.एन.सी.मित्तल फाउंडेशन द्वारा संचालित अश्वत्थ लर्निंग कम्युनिटीज की संचालक आरुषी मित्तल की पहल पर आज महात्मा गाँधी राजकीय विधालय देवखेडा (अंग्रेजी माध्यम ) एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विधालय खुदनपुरी दोनों में मिलाकर करीब 360 स्वेटर का वितरण किया गया । अश्वत्थ लर्निंग कम्युनिटीज की संचालिका आरुषी मित्तल ने बताया कि सरकारी स्कूलों में बच्चो को ठण्ड से बचाव एवं प्राइवेट स्कूलों का अहसास दिलवाने हेतु ये कदम उठाया गया है सभी बच्चे सरकार द्वारा मेहरून कलर के स्वेटर पहनकर जब विधालय में आयेंगे तो उनके मन में एक अलग ही उमंग ओर उत्साह का संचार देखने को मिलेगा साथ ही उनका स्कूल में प्रतिदिन आने का मन भी किया करेगा ! आर.डी.एन.सी. मित्तल फाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी डॉ.एस.सी.मित्तल ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्कूलों के बच्चो को स्वेटर वितरण का कार्यक्रम तय किया गया जिसमे जनसहयोग द्वारा दोनों स्कूलों के तकरीबन 360 बच्चो को जर्सी वितरित की गयी ! प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अमृता ने बताया कि स्वेटर वितरण कार्यक्रम में खास तौर पर मुख्य सहयोग एवं मुख्य भूमिका आरुषी मित्तल के प्रेरणा से प्रभावित होकर आर.डी.एन.सी.मित्तल फाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी डॉ.एस.सी.मित्तल, आजीवन ट्रस्टी अलका मित्तल, डॉ.गोपाल रॉय चौधरी चैरिटेबल ट्रस्ट के डॉ. अनुपम चौधरी, महावीर इंटरनेशनल अलवर के अध्यक्ष जिनेन्द्र जैन एवं उनकी बेटी कृति जैन ,विजय सोल्वेक्स के जनरल मैनेजर आर.पी. महावर, संजीवनी हृदयालय हॉस्पिटल के डॉ. नरेश गौड़, मित्तल हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु अरोड़ा, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक खण्डेलवाल, दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल भार्गव, लायंस क्लब अलवर मत्स्य की अध्यक्ष एम.जे.एफ. लायन डॉ. मंजू अग्रवाल एवं एम.जे.एफ. लायन डॉ वी.के.अग्रवाल, सचिव लायन सुधा अग्रवाल, लायन घनश्याम अग्रवाल, एम.जे.एफ.लायन रामबाबू गुप्ता, लायन रुपेश गुप्ता, आई एम ए अलवर के कोषाध्यक्ष डॉ. दीपक श्रीवास्तव, अपना घर आश्रम अलवर के संरक्षक अशोक मेठी,एल.आई.सी.जयपुर में कार्यरत नरेश गुप्ता (भानोत वाले), सेठी एसोसिएट्स के निदेशक सुभाष सेठी ,ओरिएण्टल इंश्योरेंस से रिटायर एम.एल.गुप्ता,श्रीराम फाइनेंस जयपुर में कार्यरत गोविन्द गुप्ता ,पोस्ट ऑफिस बैंक दौसा में कार्यरत सुधांशु गुप्ता,सुभाष नगर योग क्लास से नरेन्द्र , बबिता , मामोडिया , माया, राज, शिखा, अभिनव, शिखा , मनीष मनु , अंजना यादव इत्यादि ने सहयोग प्रदान किया ।

## संतान के अत्याचार से पीड़ित बुज़ुर्ग मां पहुँची प्रशासन के दरवाज़े

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागेरा)।** रेलमगरा थाना क्षेत्र के भुरवाड़ा गांव में मानवता को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। गांव की बुजुर्ग महिला भंवरी बाई अपने ही पुत्र और पुत्री के अत्याचारों से त्रस्त होकर पिछले आठ दिनों से घर से बाहर भटकने को मजबूर है। वृद्धा ने आरोप लगाया कि उसके बेटे-बेटी ने न केवल उसके साथ मारपीट की, बल्कि उसे घर से निकाल दिया और उसे डायन कहकर मानसिक रूप से भी प्रताडि़त करते रहे।पीडि़ता ने बताया कि उनके पति उम्रदराज़ होने के कारण बच्चों के सामने कुछ बोलने का साहस नहीं कर पाते, जिसके चलते वह पूरी तरह अकेली पड़ गई है। बुढ़ापे में सहारे की ज़रूरत थी, लेकिन संतान ने ही उसके रहने-खाने का सहारा छीन लिया। भंवरी बाई का कहना है कि उसने रेलमगरा थाना अधिकारी को दो बार लिखित शिकायतें सौंपीं, लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया।

### जिला स्तरीय चिकित्सालय से लेकर उपस्वास्थ्य केन्द्र तक लगेंगे आरोग्य शिविर

# राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित होंगे शिविर

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागेरा)।** राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर उपलक्ष्य में जिले में 15 दिसम्बर, सोमवार को जिले में संचालित सभी राजकीय चिकित्सा संस्थान, जिला चिकित्सालय, उपजिला चिकित्सालय, सेटेलाइट चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो एवं उपस्वास्थ्य केन्द्रो पर विशेष आरोग्य शिविरो का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने दी। उन्होंने सभी खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारीयों को निर्देशित किया कि शिविरो में अधिक से अधिक लोगो को लाभान्वित किया जाये इसके लिये सभी आशा एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता तक शिविर की जानकारी पहुंचाये ताकी वे अधिक से अधिक लोगो को चिकित्सा संस्थानो पर मोबिलाइज कर सके। उन्होंने निर्देशित किया की इसके लिये राज्य स्तर से प्राप्त होने वाले बैनर एवं अन्य आईईसी सामग्री के प्रारूप भिजवायें जायेंगे जिसे प्रदर्शित कर शिविरो का नियमानुसार आयोजन सुनिश्चत करें। शिविर में होने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए आरोग्य शिविरो के जिला नोडल अधिकारी डॉ सुरेश मीणा ने बताया कि शिविर में एनसीडी स्क्रीनिंग की जायेगी जिसमें आशा एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता के माध्यम से 30 वर्ष अधिक आयु के व्यक्तियों को शिविर में स्क्रीनिंग के लिये मोबिलाईज किया जायेगा। सभी व्यक्तियों की बीपी, शुगर एवं कॉमन कैंसर के साथ ही बीएमआई की जांच कर एनसीडी पोर्टल पर डेटा इन्द्राज किया जायेगा। टी.बी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी संभावित मरीजो को चिन्हीत करते हुए नाट जांच करवाई जाये तथा चिन्हीत रोगियो का तुरन्त उपचार शुरू किया जाये। दानदाताओं एवं स्वयंसेवी संस्थानो के माध्यम से पोषण किट का वितरण किया जायेगा तथा निक्षय पोषण योजना के तहत सहायता राशि को खाते में स्थानान्तरीत किया जायेगा। आरोग्य शिविरो में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की जायेगी जिसमें 12 सप्ताह से पूर्व पंजीकरण एवं प्रसव पूर्व 1 जांचे, आईएफए व कैल्शीयम की गोली देते हुए हिमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, वजन इत्यादी की जांच की जायेगी। सभी गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण एवं पहली तिमाही में ही हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की जांच एवं चिन्हिकरण किया जायेगा तथा एएनएम व आशा क्षेत्र में भ्रमण कर ड्यू लिस्ट तैयार करेगी तथा संभावित लाभान्वितो को सभी सेवायें प्रदान कर पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में दर्ज करेगी। शिविर में शिशुओं का भी टीकाकरण किया जायेगा। शिविर में आये रोगीयां को मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना अन्तर्गत दवाईंयो का वितरण एवं आवश्यकता होने पर निःशुल्क जांच योजना से लाभान्वित किया जायेगा। बैठक में आरसीएचओ डॉ सुरेश मीणा ने पिंक पखवाड़े के तहत अब तक ब्लॉकवार उपलब्धी बताते हुए एफसीएम इंजेक्शन से पात्र गर्भवती एवं प्रसुता महिलाओं को लाभान्वित करने के लिये निर्देशित किया तथा वैक्शीनेशन ड्राईव को लेकर चर्चा की।

## हाडोती शिल्प महोत्सव का समापन स्थानीय हुनर को मिली नई उड़ान



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** हाट बाजार परिसर में आयोजित हाडोती शिल्प महोत्सव गुरुवार को उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने रंग-बिरंगे गुब्बारे आसमान में उड़ाकर समापन की घोषणा की और कहा कि आने वाले वर्षों में इस आयोजन को और बड़े एवं आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। कलक्टर ने कहा कि महोत्सव न सिर्फ स्थानीय कलाकारों और उद्यमियों को मंच देता है, बल्कि जिले में आत्मनिर्भरता की नई राह भी खोलता है। उन्होंने खुशी जताई कि महिला स्वयं सहायता समूह सहित कई स्वरोजगारी अपने उत्पादों से अच्छी पहचान बना रहे हैं और लोकल फॉर वोकल की सोच को आगे बढ़ा रहे हैं। इस दौरान प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया गया। एडीजे धर्मराज मीणा ने आयोजन को स्वरोजगार को मजबूती देने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया। जिला उद्योग केंद्र के जीएम हरिमोहन शर्मा के अनुसार, उत्सव ने ऑनलाइन और ऑफलाइन मिलाकर करीब 5 लाख लोगों तक अपनी पहुँच बनाई। समापन समारोह में आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया।

## विश्व दिव्यांग दिवसःप्रतिभा का उत्सव, विजेताओं को सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब कोटा व अखिल भारतीय आदर्श दिव्यांग सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय दिव्यांग प्रतियोगिताएं रोटरी बिनानी सभागार में संपन्न हुईं। चित्रकला, खेल और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में दिव्यांग बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया और 101 दिव्यांग प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। अध्यक्ष रमेश नागर ने बताया कि मुख्य अतिथि सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग, बारां के शुभम नागर और विशिष्ट अतिथि समाज कल्याण विभाग, बारां के शुभम नागर थे।

संस्था के संरक्षक रजनीश नागर ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मुकेश विजय, तकनीकी निदेशक, राजस्थान सरकार ने किया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष मनोज सोनी, सचिव नीरज अग्रवाल और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## स्पीकर ओम बिरला के जन्मदिन पर बोरखेड़ा में विशाल रक्तदान एवं जांच शिविर

बढ़ता राजस्थान

कोटा, (का.स.)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के जन्मदिन पर गुरुवार को बोरखेड़ा स्थित कंचन मोहन पैलेस में भव्य निशुल्क मल्टी-स्पेशलिटी चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। भाजपा जिला महामंत्री महावीर नायक 'बिल्लू' के नेतृत्व में लगे इस शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में 997 यूनिट रक्त संग्रह किया गया, जबकि 720 से अधिक नागरिकों ने विभिन्न रोगों की जांच व विशेषज्ञ परामर्श प्राप्त किया। साथ ही 67 मरीजों की मोतियाबिंद जांच भी की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ हरिकृष्ण बिरला, बालकृष्ण बिरला और भाजपा शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन ने किया। सुधा मेडिकल कॉलेज की विशेषज्ञ टीम ने हृदय, चेस्ट, मेडिसिन, स्किन, स्त्री रोग, शिशु रोग, हड्डी रोग, किडनी और ईएनटी सहित कई विभागों की जांच की। ईसीजी, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन व अन्य सामान्य परीक्षण भी निशुल्क किए गए। महावीर नायक 'बिल्लू' ने रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

जिले में अन्य तीन स्थानों पर लगे शिविरों में 451 यूनिट रक्त एकत्र हुआ, जिसमें रघुनाथ हॉस्टल में 63 यूनिट, तिरंगा चौक पर 325 यूनिट और धुलेट पीएचसी में मे भी आयोजित शिविर आयोजित हुए।

## परिवार को मिल रही जान से मारने की धमकियाँ, कुन्हाड़ी थाने में परिवाद दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र में एक परिवार लगातार जान से मारने की धमकियों से दहशत में है। प्रार्थी प्रहलाद गुर्जर और उनकी बेटी गीतांजलि गुर्जर, निवासी एफ-13 सेकंड प्लॉट, ज्ञान सरोवर कॉलोनी, बूंदी रोड ने थाने में परिवाद प्रस्तुत किया है। प्रहलाद ने बताया कि परवतीपुरम स्थित प्लॉट नंबर स्न-1 पर उनकी दुकान है। दुकान से दीपक जलाकर घर लौटते समय बालकिशन महाराज के जुलूस के दौरान श्रवण नामक युवक मिला, जिसने उनके और उनकी बेटी के सामने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि वह पहले भी घर में घुसकर मारपीट कर चुका है और लगातार धमकियाँ देकर परिवार को भयभीत कर रहा है। परिवार ने पुलिस से सुरक्षा उपलब्ध कराने और श्रवण व उसके साथियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# संभागीय आयुक्त ने किया तालेडा में सीएचसी एवं स्कूल का निरीक्षण

## स्कूल की पोषाहार पंजिका में मिली अपूर्ण प्रविष्टियां, स्थानीय अधिकारियों को दिए कार्यालयों के निरीक्षण के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा/बूंदी, (का.स.)।** संभागीय आयुक्त अनिल कुमार अग्रवाल ने गुरुवार को बूंदी जिले के तालेडा में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण के दौरान पर्ची वितरण केन्द्र पर अव्यवस्था देखकर प्रभारी को एक और पर्ची वितरण केन्द्र स्थापित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य केन्द्र पर अद्यतन कोई ड्यूटी चार्ट नहीं था अतः पारदर्शिता व जन सुविधा के दृष्टिगत प्रभारी को ड्यूटी चार्ट प्रतिदिन अपडेट करने के निर्देश दिये गये। संभागीय आयुक्त ने दवा वितरण केन्द्र का भी अवलोकन किया। उन्होंने होम्योपैथिक चिकित्सक की पंजिका की भी जांच की और उसमें सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की पुताई व साफ-सफाई के निर्देश दिये। साथ ही, तहसीलदार, तालेड़ा को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण करने एवं जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त ने तालेड़ा में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तालेडा, महात्मा गांधी (अंग्रेजी) माध्यमिक विद्यालय तालेड़ा एवं आंगनबाडी केन्द्र का भी निरीक्षण किया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तालेड़ा में शाला दर्पण पोर्टल तथा उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया। उन्होंने पंजिका को हमेशा अपडेट रखने तथा शाला दर्पण पर प्रातः 10.15 बजे तक शिक्षकों की उपस्थिति की सूचना नियमित रूप से अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों की अधिक अनुपस्थिति के कारणों की जांच करने के लिए प्रधानाचार्य को निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थिति पंजिका से यू डाइस/शाला दर्पण पोर्टल सप्ताह में एक बार निरीक्षण कर मिलान करने के निर्देश प्रधानाचार्य को दिए। श्री अग्रवाल ने उपस्थित बीएलओ से एसआईआर कार्य के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होंने एईआरओ, बीएलओ सुपरवाईजर एवं बीएलओ को अनुपस्थित, शिफ्टेड एवं शादीशुदा महिलाओं की अनुपस्थिति के सम्बन्ध में फर्द मौका बनाकर सत्यापित करने के निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त ने महात्मा गांधी (अंग्रेजी) माध्यमिक विद्यालय तालेड़ा के निरीक्षण के दौरान पोषाहार पंजिका में प्रविष्टियां अपूर्ण मिलने पर उन्होंने इन्हें प्रतिदिन संधारित करने के निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त द्वारा मिड-डे-मील वितरण एवं कक्षा 1 से 8 तक विद्यार्थियों के नामांकन के बारे में पूछने पर प्रधानाचार्य/प्रभारी मिड-डे-मील स्पष्ट जानकारी नहीं दे पाए जिसे गम्भीरता से लेते हुए संयुक्त निदेशक, शिक्षा विभाग को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। तालेड़ा के आंगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण के दौरान भी संभागीय आयुक्त को पोषाहार विवरण पंजिका में प्रविष्टियां अपूर्ण मिली, जिसे पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। संभागीय आयुक्त ने स्थानीय अधिकारियों को समय-समय पर राजकीय कार्यालयों, चिकित्सालयों का निरीक्षण करने एवं व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान तालेडा तहसीलदार श्री बनवारी लाल शर्मा उपस्थित थे।



# रामगंजमंडी में बालाजी मंदिर की मूर्ति क्षतिग्रस्त

## हिंदू संगठनों में आक्रोश, दो दिन में गिरफ्तारी नहीं तो बंद का ऐलान

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (प्रमोद राठौर)।** रामगंजमंडी में बुधवार रात मारवाड़ चौराहा स्थित बालाजी मंदिर में अज्ञात असामाजिक तत्वों ने मूर्ति को नुकसान पहुँचा दिया। रात 7.45 से 9.15 बजे के बीच हुई इस घटना में प्रतिमा के मुख को नोचा गया और मंदिर में लगी इलेक्ट्रॉनिक झालर मशीन से भी छेड़छाड़ की गई। सुरक्षा चैनल के बावजूद इस प्रकार की घटना होने से इलाके में रोष फैल गया। घटना की जानकारी मिलते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता रात में ही मंदिर पहुँचे और इसके बाद रामगंजमंडी थाने जाकर मुक़दमा दर्ज करवाते हुए आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। गुरुवार सुबह भी बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद और हिंदू जागरण मंच सहित कई संगठनों के कार्यकर्ता मंदिर पहुँचे। वहाँ आसपास की दुकानों और घरों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। संगठनों ने पुलिस प्रशासन को दोपहर 2 बजे तक आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी का अल्टीमेटम दिया था। निर्धारित समय तक प्रगति न होने पर कार्यकर्ताओं ने मोटरसाइकिल रैली निकालकर शहर की मुख्य सडक़ों पर विरोध प्रदर्शन किया और बाद में थाने पहुँचकर धरना दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। वहीं मौक़े पर पहुँचे डीएसपी घनश्याम मीणा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संगठनों से दो दिन का समय माँगा। हिंदू संगठनों ने पुलिस को दो दिन का समय देते हुए चेतावनी जारी की कि यदि आरोपी गिरफ्तार नहीं होते हैं तो रामगंजमंडी बंद कराया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद के जिला प्रमुख ओम मीणा और हिंदू जागरण मंच प्रांत आयाम संदीप गुप्ता ने कहा कि पहले भी क्षेत्र में मंदिरों को निशाना बनाने की घटनाएँ हुई हैं, लेकिन पुलिस अपेक्षित कार्रवाई नहीं कर पाई है। उन्होंने प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग की।




## तिलहन की उन्नत खेती पर दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी, (नि.स.)।** कृषि विज्ञान केंद्र बूंदी में भारतीय तिलहन अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद के सहयोग से तिलहन फसलों की उन्नत खेती पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन गुरुवार को किया गया। उ?द्घाटन समारोह में वक्ताओं ने तिलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए अनुसंधान आधारित तकनीकों को किसानों तक पहुँचाने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय तिलहन अनुसंधान संस्थान हैदराबाद के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रभारी डॉ. सुरेश मधुगुला ने दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में तिलहन उत्पादन की व्यापक संभावनाएँ हैं, किंतु उत्पादकता बढ़ाने के लिए उन्नत किस्मों, प्रमाणित बीजों तथा समेकित प्रबंधन तकनीकों को अपनाना आवश्यक है।

उन्होंने संस्थान द्वारा विकसित नई तकनीकों के अधिकाधिक प्रसार की आवश्यकता पर बल दिया।

कृषि विज्ञान केंद्र, बूंदी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. महेश चौधरी ने स्वागत संबोधन में तिलहन फसलों के राष्ट्रीय महत्व, खाद्य तेलों की बढ़ती मांग तथा तिलहन क्षेत्र की आय संवर्धन क्षमता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जिले के 50 किसान, जिनमें अनुसूचित जाति के किसान, युवा कृषक और महिलाएँ शामिल हैं, प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं।

## भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भवानीमंडी (अब्दुल सलीम मंसूरी)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खेता खेड़ा में भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राजस्थान टेक्स्टाइल मिल्स के कार्यकारी अध्यक्ष रोहित अरोरा को भामाशाह सम्मान के रूप में प्रतीक चिन्ह,साफा भैट किया गया। इन्होंने खेता खेड़ा विघालय में बच्चों के लिए 17 टेबल व 17 बेंच दान की। इसके अलावा वाइस प्रेसिडेंट सुनिल शर्मा , संजीव सिंह ए. के.चंदेला और अन्य सभी टेक्स्टाइल मिल्स के अधिकारीयों का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कल्याणमल मेघवाल तथा अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी दामोदर शर्मा, जिला परिषद सदस्य गंगा सिंह, सरपंच ओम बाई तथा ग्राम वासी भी उपस्थित थे । प्रधानाध्यापक करतार सिंह व शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नेपाल सिंह तथा समस्त स्टाफ ओमप्रकाश जैन, नेहा सेन, प्रियंका मीना , रामशिला मीणा, अंकिता शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।



## कोटा में रंजिश का खौफनाक रूपः युवक पर चाकुओं से हमला, पैरों में 14 घाव

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कैथूनीपोल थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात पुरानी रंजिश ने खूनखराबे का रूप ले लिया। मोखापाड़ा निवासी 23 वर्षीय कुणाल शर्मा पर तीन युवकों ने पलायथा हाउस इलाके में घात लगाकर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार तुषार सोलंकी, डेविड मन्नू और दीपक उर्फ बच्चा बाइक से पहुंचे और मौका पाते ही कुणाल को घेरकर चाकुओं से कई वार कर दिए। हमले की बर्बरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कुणाल के पैरों पर ही 14 गहरे घाव मिले हैं। लहूलुहान हालत में वह किसी तरह कैथूनीपोल थाने पहुंचा, जहां से उसे तुरंत एमबीएस अस्पताल भेजा गया। डॉक्टरों ने उसकी स्थिति नाजुक बताई है। कुणाल का कहना है कि आरोपियों की धमकियों की शिकायत पहले भी की गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। सीआई अमरेश सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है।



## नवजीवन अस्पताल में मरीज के परिजनों ने ऑक्सीजन सिलेंडर दान किया



बढ़ता राजस्थान

**भवानीमंडी (अब्दुल सलीम मंसूरी)।** नवजीवन अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर में दिवंगत सुमनलता परतानी की स्मृति में उनके परिजनों ने ऑक्सीजन सिलेंडर दान किया। एक महीने पूर्व स्वर्गवास हुई सुमनलता परतानी के पुत्र एवं परिजनों त्रिलोक जी परतानी, राखी सोगानी, सोनू सोगानी, श्रेयांश सोगानी द्वारा यह सेवा कार्य किया गया। परिजनों का कहना है कि पिछले महीने को अस्पताल ने हर संभव सहायता दी। पूरे उपचार के दौरान, डॉ. रमित सिंह पाला ,अस्पताल प्रबंधन और स्टाफ का सहयोग उत्कृष्ट रहा। इसी आभार स्वरूप हमने निर्णय लिया कि अस्पताल में ऑक्सीजन सिलेंडर दान कर मरीजों की मदद करेंगे। हॉस्पिटल निदेशक डॉ. राजदीप सिंह छाबड़ा व डॉ. चंद्रगुप्त आचोलिया ने इस नेक पहल के लिए परिवार का आभार व्यक्त किया है और कहा कि इस प्रकार के सामाजिक योगदान से अस्पताल में आने वाले अन्य मरीजों को महत्वपूर्ण सहायता मिलती है।

## रक्तदाताओं ने रक्तदान कर ओम बिरला का जन्मदिन मनाया,64 यूनिट हुआ संग्रह

बढ़ता राजस्थान

**पीपल्दा/कोटा (मुकेश गोस्वामी)।** पीपल्दा,खातौली में कोटा बूंदी सांसद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के जन्मदिन के अवसर स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। श्रीपंचमुखी हनुमान जी मंदिर प्रांगण में भाजपा कार्यकर्ताओं व सामाजिक इस अवसर पर भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने भी बढ़ चढ़ कर भाग लिया व स्वेच्छा से रक्तदान किया ।रक्तदान महादान के अवसर पर मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सुमन ने रक्तदान के महत्व एवं रक्तदान केवल दान नहीं बल्कि जीवनदान का संकल्प को समझाते हुए दिखाई दिए। शिविर में 65 यूनिट के करीब रक्तदान संग्रहित हुआ। रक्तदाताओं ने हर्ष और खुशी से रक्तदान किया । इस अवसर पर मंडल महामंत्री पुष्पचंद जाटवा, सुरेंद्र धाकड़, उपाध्यक्ष श्याम सोनी ब्रजराज यादव,सूर्यप्रकाश मीणा, उमेश वर्मा, मोनू मीना,मोनू केवट,राजू सुमन,चंद्रशेखर व्यास, रविंद्र योगी, राजेंद्र मीणा, भेरूलाल मीणा, सूरजमल सुमन, रामकल्याण नागर, दीपक गोचर, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।



**टीम लव शर्मा ने सेवा दिवस के रूप मे मनाया बिरला का जन्म दिन**

# कुल 32 स्थानों पर लगे शिविर में 3105 यूनिट रक्त संग्रह

बढ़ता राजस्थान

**विनोद कुमार गौड़ (कोटा)।** कोटा बूंदी लोकसभा सांसद एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के जन्म दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा रक्तदान शिविर मनाया गया। लव शर्मा टीम द्वारा शहर के कुल 32 स्थान पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। नेता प्रतिपक्ष नगर निगम कोटा उत्तर लव शर्मा ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के 63वे जन्मदिवस पर कोटा उत्तर नेता प्रतिपक्ष लव शर्मा के नेतृत्व में 32 अलग अलग स्थानों एक साथ रक्तदान शिविर आयोजित किये गये। जिसमे शाम तक 3105 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। सबसे अधिक यूनिट रक्त सरकारी ब्लड बैंको को संग्रहित कराया गया एमबीएस मे 1300 यूनिट, ड्ब्यशस्र पहुँचाया गया। शर्मा ने बताया कि शिविरो में दिनभर रक्तदाताओं का ताता लगा रहा,युवा, मातृशक्ति, पुरुष सभी ने बढ़ चढक़र रक्तदान में हिस्सा लिया नौजवानों का विशेष उत्साह देखने को मिला। इस रक्तदान से कोटा शहर में आने वाले कई दिनों तक रक्त की कमी नहीं होगी। यह ब्लड कोटा सहित हाड़ौती संभाग में ब्लड की कमी को पूरा करेगा। ब्लू डोनेशन कैंप के अलावा कई स्थानों पर निशुल्क चिकित्सा शिविर में लगाए गए जहां पर आने वाले लोगों का चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध कराई गई सेवा दिवस के रूप में पार्टी के पुराने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया गया । गरीबों लोगों को, मिठाइयां ओपन विस्तृत किए गए दिनभर चले सेवा कार्यों में हर वर्ग हर टपका समुदाय एवं समाज के लोगों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया ।




राजस्थान सरकार

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड-प्रथम, जयपुर**

सी–ब्लॉक, बेसमेन्ट, स्वास्थ्य भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर–302005 फोन 0141–2229737

क्रमांक : 1967 दिनांक : 28–11–2025

**ई–निविदा सूचना संख्या : 59/2025–26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एवं स्वाथ्य विभाग के अंतर्गत टोंक जिले में रु. 156.00 लाख के 3 सिविल कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग / राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत अनुभवी संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण DIPR की वेबसाइट www.dipronline.org, www.sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेबसाइट http://rajswasthya.nic.in पर देखा किया जा सकता है।

UBN No.1. NRH2526WSOB01702
2. NRH2526WSOB01703
3. NRH2526WSOB01704

अधिशाषी अभियंता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य
खण्ड प्रथम, जयपुर

DIPR/C/17828/2025

# बाड़ी बार संघ के चुनाव को लेकर प्रक्रिया जारी

## आज आवेदन की अंतिम तिथि, अभी तक अध्यक्ष पद के लिए नहीं किया किसी ने नामांकन

### उपाध्यक्ष, महासचिव और सहसचिव के साथ कोषाध्यक्ष के आये एक-एक आवेदन



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर सोमवार से शुरू हुई नामांकन की प्रक्रिया लगातार जारी है। जिसके लिए तीन सदस्यीय अधिवक्ताओं की चुनाव टीम बनाई गई है। जिसमें चुनाव अधिकारी एडवोकेट भगवान सिंह गुर्जर, राधेश्याम उपाध्याय और बृजकिशोर शर्मा को बनाया गया है। गुरुवार को तीसरे दिन अध्यक्ष पद के लिए कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। अन्य पदों में उपाध्यक्ष, महासचिव, सह सचिव और कोषाध्यक्ष के लिए एक एक आवेदन जमा कराया गया है।

चुनाव अधिकारी एडवोकेट राधेश्याम उपाध्याय ने बताया कि बार संघ चुनाव बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के नियम अनुसार पूरे प्रदेश में एक साथ कराये जा रहे है। जिसमें दो दिसंबर से 5 दिसंबर तक आवेदन पत्र जमा किये जायेंगे, 6 से 8 दिसंबर तक नामांकन पत्रों की जांच होगी। 10 दिसंबर तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकते है। इसके बाद एक से अधिक आवेदन मिलने पर 12 दिसंबर को कोर्ट परिसर में 12 से 3 बजे तक मतदान होगा और तत्काल बाद मतों की गणना कर चुनाव परिणाम जारी किया जाएगा। गुरुवार तक अध्यक्ष पद के लिए कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। शुक्रवार अंतिम दिन है। अभी तक उपाध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट इमरान खान, महासचिव पद के लिए एडवोकेट भगवती प्रसाद शर्मा, सह सचिव के लिए एड विपिन कुमार गर्ग और कोषाध्यक्ष के लिए एड सुरेंद्र सिंह ने आवेदन किया है। चुनाव अधिकारी एडवोकेट उपाध्याय ने बताया की बाड़ी बार एसोसिएशन के अंतर्गत 130 अधिवक्ताओं का रजिस्ट्रेशन है। चुनाव में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सहित 07 पदों पर चुनाव कराया जा रहा है। जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, सह-सचिव, कोषाध्यक्ष, पुस्तकालय अध्यक्ष और ऑडिटर पद शामिल है।

# पुलिस को देख भागे 4 साइबर ठग पकड़े

## अंधेरे का फायदा उठाकर हो गए थे फरार, नाबालिग आरोपियों से 4 फर्जी सिम बरामद

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** जुरहरा थाना पुलिस ने फरार चार नाबालिग साइबर ठगों को पकड़ा है। 1 दिसंबर को कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दो आरोपियों की गिरफ्तारी किया था, वहीं चार आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार फर्जी सिमकार्ड जब्त किए हैं।

### करवाई के दौरान 4 नाबालिग साइबर ठग हो गए थे फरार

थाना अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने बताया कि 1 दिसंबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जुरहरा-पुन्हाना रोड स्थित खूनी नहर की पुलिया पर कुछ युवक मोबाइल पर साइबर ठगी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर चार युवक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकले, जबकि घेराबंदी कर दो आरोपियों को पकड़ लिया गया।

### 3 मोबाइल और 3 फर्जी सिम बरामद

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नाजिम निवासी खेड़ली अलीमुद्दीन और वकील निवासी जुरहरा कस्बा के रूप में हुई। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके पास से 3 मोबाइल और 3 फर्जी सिम बरामद किए। मोबाइल की जांच करने पर ठगी के कई सबूत मिले। फरार चार साइबर ठगों को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार सर्च अभियान चलाती रही। बुधवार को पुलिस ने उन्हें बामनवाड़ी रोड नई प्लॉटिंग क्षेत्र से दबोच लिया। पूछताछ में सभी आरोपी नाबालिग पाए गए। उनके कब्जे से चार फर्जी सिम कार्ड भी जब्त किए गए हैं।

# साइबर ठगी करते 2 युवक गिरफ्तार,2 मोबाइल किए जप्त

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** डीग जिले की खोह थाना पुलिस ने साईबर ठगी करते हुए 2 युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 एन्डायड मोबाइल फोन जप्त किए है। खोह थाना प्रभारी शिवलहरी मीणा के अनुसार एस पी

ओमप्रकाश मीणा के निर्देशन ऑनलाईन ठगी के करने वालो के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत मुखबिर सूचना पर ए एस आई नाहर सिंह ने मय जाप्ता के गांव गदडवास से भयाडी को जाने वाले बन्ध पर दबिश देकर रसीद पुत्र नसरू मेव निवासी गदडवास थाना खोह जिला डीग व राबिन पुत्र आमीन मेव निवासी तोता का वास थाना खोह जिला डीग को साइबर ठगी करते हुए गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 2 मोबाइल फोन जप्त किए है।

### ऑनलाइन सूट बेचने और खरीद करने के नाम पर करते थे लोगों से ठगी

थाना प्रभारी मीणा ने बताया है कि पकडे गये आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि हम फेस बुक पर ऑन सूट बेचने के नाम पर एंव ऑनलाईन सामान खरीदने के नाम पर लोगों से ठगी करते एंव ठगी के पैसों को योनो गेम के क्यूआर कोड में डलवाते और बाद में योनों गेम से लिंक खाता में उन ठगी के पैसों को डाल लेते हैं। इस तरह हम लोगो के साथ फेस बुक पर ऑन सूट बेचने के नाम पर लोगों से ठगी करते हैं।

# आमजन को बेहतर सेवाएं उपलब्ध करायें - जिला कलक्टर

## जिला कलक्टर ने आरबीएम अस्पताल, अन्नपूर्णा रसोई, धर्मशाला का किया औचिक निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिला कलक्टर कमर चौधरी ने गुरुवार को आरबीएम अस्पताल, अन्नपूर्णा रसोई, धर्मशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का दौरा कर मरीजों एवं उनके परिजनों से चिकित्सा सुविधाओं, उपचार व्यवस्था तथा स्टाफ के व्यवहार के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रशासन का दायित्व है कि मरीजों को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए, जिसके लिए निरंतर निगरानी अत्यंत आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि अस्पताल में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक है तथा दवाओं की उपलब्धता भी सुचारू है। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए कि स्वच्छता व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कमी न आने दें तथा सभी वार्डों में नियमित रूप से सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा अस्पताल में उपलब्ध सभी सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं तथा आमजन को निर्बाध एवं संतोषजनक सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जिला कलक्टर ने अस्पताल परिसर स्थित धर्मशाला का निरीक्षण किया और वहां ठहरे आमजन से आश्रय व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता एवं साफ-सफाई को लेकर फीडबैक लिया। उन्होंने धर्मशाला के रसोईघर एवं अन्य सुविधाओं का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

अस्पताल निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर अन्नपूर्णा रसोई भी पहुंचे। उन्होंने स्वयं लाभार्थियों से बातचीत कर भोजन की गुणवत्ता, मात्रा, साफ-सफाई तथा समय पर उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अन्नपूर्णा रसोई का उद्देश्य आमजन को स्वच्छ, पौष्टिक और किफायती भोजन उपलब्ध कराना है, इसलिए गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान प्राचार्य फिजिशियन डॉ. मुकेश गुप्ता, अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वीरेन्द्र सिंह, नर्सिंग अधीक्षक डॉ. अशोक कुमार, डॉ. योगेन्द्रपाल सिंह, सूबेदार निहाल सिंह सहित अन्य चिकित्सक एवं कार्मिक मौजूद रहे।

### अतिरिक्त बैठने की बैंच, जानकारी दर्शाने वाले होर्डिंग लगाए

अस्पताल में आने वाले बड़ी संख्या में मरीजों और उनके परिजनों की सुविधा को देखते हुए कलक्टर ने परिसर में अतिरिक्त बैठने की बैंच लगाने के निर्देश दिए, जिससे आमजन को प्रतीक्षा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसी क्रम में उन्होंने अस्पताल परिसर में स्थित पार्किंग स्थल का भी निरीक्षण किया और निर्देश दिया कि वाहनों के शुल्क की स्पष्ट जानकारी दर्शाने वाले होर्डिंग लगाएं, ताकि लोगों में पारदर्शिता बनी रहे।

# भगवान दत्तात्रेय का प्राक्टोत्सव धूमधाम से मनाया



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** खिरनी घाट स्थित मंदिर श्री अग्रेश्वर महादेव पर गुरूवार को मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को भगवान दत्तात्रेय का प्राक्टोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंत्री विष्णु लोहिया एवं मंदिर संयोजक विनोद कुमार मेडीकल ने बताया कि मंदिर परिसर में ब्रह्मा, विष्णु, महेश त्रिदेव के स्वरूप भगवान दत्तात्रेय कासोम्य व दिव्य श्रीविग्रह प्रतिष्ठित है जिसकी पूजाअर्चना एवं हवन यज्ञ विधि विधान से पं0 प्रेमी शर्मा द्वारा कराया गया। भगवान को नई पोशाक धारण कराकर श्रृंगार किया गया। कार्यक्रम मंदिर दाऊजी महाराज विकास ट्रस्ट अध्यक्ष गोपीलाल अग्रवाल, भरतपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष भगवानदास बंसल, समाजसेवी मुरारी लाल चौधरी एवं भगवताचार्य भगवानदास रामभक्त के मुख्य आतिथ्य में हुई। पं0 प्रेमी शर्मा ने बताया कि सती माता अनुसुईया एवं रिशी अत्रि के आश्रम में ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीनों त्रिदेव प्रकट हुए। भगवान दत्तात्रेय के रूप में अनुसुईया की परीक्षा कक बाद माता ने तीनों देवों को बालक बना दिया था। श्रीमद् भागवत में दत्तात्रेय भगवान के 24 गुरू बनाए थे, तंत्र शास्त्र में दत्तात्रेय सभी तामसिक और तांत्रिक समस्याओं का निवारण करते हैं। आज भगवान दत्तात्रेय का अवतरण दिवस मनाया गया।

पूर्ण आहूति के बाद महाआरती हुई एवं खीर, हलुआ, पूआ, खोवा की गजक की प्रसादी वितरित की गई। इस मौके पर समाजसेवी मोहन मित्तल, परषोत्तम डीगिया, महेश गोयल सर्राफ, पं0 राजू शमा, खाटूश्याम, महेशचंद सिंघल, गोपालचंद सिंघल सर्वेअर, विनोद डीगिया, अर्जुन बंसल, वेदप्रकाश मित्तल, आलोक बंसल, प्रेम गोयल, विनय चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## जेनपैक्ट-मंजरी की पहल

# सच्चा सशक्तिकरण तभी संभव है जब महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता एवं कौशल प्राप्त हो - रचना चुघ

## जोधपुर में खुला पहला महिला-स्वामित्व वाला टेक्सटाइल यूनिट

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** राजस्थान के गाँवों में आज भी लाखों महिलाएं घर की चारदीवारी तक सीमित हैं। उनकी मेहनत खेतों और घरों में खप जाती है, पर बैंक खाते में उनका नाम तक नहीं होता। बेटी की पढ़ाई, घर का इलाज या कोई छोटा-सा सपना भी इसलिए दब जाता है क्योंकि उनके पास अपनी कमाई नहीं होती। इसी खामोशी को तोड़ने के लिए मंजरी फाउंडेशन और जेनपैक्ट के सहयोग से आज जोधपुर में 150 ऐसी ही ग्रामीण बहनो के लिए एक ऐसी पहल शुरू होने जा रही है जहाँ वो सिर्फ मजदूर नहीं, मालकिन होंगी। मंजरी फाउंडेशन और जेनपैक्ट के सहयोग से जी-सखी कार्यक्रम मे ग्रामीण समुदायों का संस्थागत सशक्तिकरण, क्षमता निर्माण एवं सामूहिक उद्यम के माध्यम से जोधपुर में 150 ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु एक पूर्णतः महिला संचालित सिलाई एवं हस्तशिल्प उत्पादन इकाई की स्थापना की जा रही है। इस इकाई का विधिवत उद्घाटन जोधपुर में संपन्न होगा।

परियोजना का प्रमुख उद्देश्य परंपरागत राजस्थानी हस्तकला को पुर्नजीवन प्रदान करने के साथ 150 अकुशल ग्रामीण महिलाओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर कुशल कारीगर बनाना है। इनके साथ ही महिलाओं में वित्तीय साक्षरता एवं उद्यमशीलता विकसित करने के साथ ग्रामीण परिवारों की घरेलू आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित करना शामिल है ।

जेनपैक्ट की वी पी और सी एस आर लीडर रचना चुघ ने बताया कि जेनपैक्ट में हमारा दृढ़ विश्वास है कि सच्चा सशक्तिकरण तभी संभव है जब महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता एवं कौशल प्राप्त हो। 'जी-सखी' परियोजना हमारे इस विजन का जीवंत उदाहरण है। मंजरी फाउंडेशन के साथ यह साझेदारी न केवल 150 ग्रामीण महिलाओं को स्थायी आजीविका प्रदान करेगी, बल्कि राजस्थान की समृद्ध हस्तशिल्प परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाएगी। मंजरी फाउंडेशन के अधिशाषी निदेशक संजय कुमार ने कहा, जेनपैक्ट जैसी वैश्विक संस्था का साथ हमें यह विश्वास दिलाता है कि ग्रामीण महिलाओं के सपने अब केवल सपने नहीं रहेंगे। यह इकाई सिर्फ एक उत्पादन केंद्र नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, सम्मान और उम्मीद का केंद्र बनेगी। उद्घाटन समारोह में परियोजना से जुड़ी सभी 150 लाभार्थी महिलाएं उपस्थित रहेंगी।

# विधायक जगत सिंह ने डायलिसिस केन्द्र का किया शुभारंभ

## क्षेत्रवासियों को अब डायलिसिस के लिए नहीं जाना पड़ेगा बाहर'

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** नदबई क्षेत्र के मरीजों को अब डायलिसिस कराने के लिए भाग-दौड़ नहीं करनी पड़ेगी। जिले में ग्रामीण क्षेत्र में भी अब किडनी रोगियों को डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध करवायी गई है। उपखड स्तर पर यह सुविधा जिला अस्पताल नदबई में डायलिसिस सुविधा शुरू करवायी गई है। चिकित्सा विभाग व हंस फाउण्डेशन के बीच एमओयू के बाद गुरूवार को नदबई विधायक जगत सिंह ने डायलिसिस केन्द्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर हंस फाउण्डेशन के रीजनल सीनियर मैनेजर यशपाल एवं डिप्टी प्रोग्राम मैनेजर नरेन्द्र जांगिड सहित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 गौरव कपूर, अतिरिक्त सीएमएचओ डॉ0 बीएल मीणा, बीसीएमओ राहुल कौशिक, पीएमओ नदबई चिकित्सालय पवन गुप्ता सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 गौरव कपूर ने बताया कि नदबई जिला चिकित्सालय में हंस फाउण्डेशन की ओर से करीब 70 लाख रूप्ये की लागत से 3 बैड के डायलिसिस केन्द्र का निर्माण कराया गया है जिला चिकित्सालय पर डायलिसिस केन्द्र का संचालन होने से ग्रामीण क्षेत्र के किडनी मरीजों को जिला चिकित्सालय पर निशुल्क डायलिसिस के साथ ही मेडिसिन की सुविधा होने से मरीजों एवं परिजनों को राहत मिलेगी। डिप्टी प्रोग्राम मैनेजर नरेन्द्र जांगिड के अनुसार सेंटर में 3 बैड आधुनिक डायलिसिस मरीशनें और 1 चिकित्सक सहित 4 सदस्यीय प्रशिक्षित स्टाफ की सुविधा रहेगी उन्होंने कहा कि जरूरत के अनुसार सुविधाएं बढाई जाएंगी।

### 'किडनी रोगियो'को मिलेगी राहत'

डायलिसिस की मशीन शुरू होने से किडनी रोगियों को राहत मिलेगी। इससे किडनी रोगी के खून को पूरी तरह से साफ किया जाता है। किडनी रोगियों को समय समय पर डायलिसिस करवाना पडता है। अब स्थानीय किडनी मरीज लोगों को भरतपुर एवं जयपुर जाना नहीं पडेगा। निजी अस्पताल में डायलिसिस का खर्च हजारों रूपए आता है अब किडनी मरीज रोगी अपने ही क्षेत्र में डायलिसिस करवा सकेगा।

### जिला अस्पताल नदबई में डायलिसिस सुविधा प्रारंभ

### 'निशुल्क होगा डायलिसिस'

जिला अस्पताल नदबई में डायलिसिस सुविधा शुरू होने के बाद मरीजों को काफी राहत मिलेगी। निजी अस्पतालों में डायलिसिस करवाने पर हजारों रूपये खर्च होते हैं। जबकि इन चिकित्सा संस्थानों पर यह सुविधा नि:शुल्क मिलेगी।

# अग्रवाल फाउंडेशन बाड़ी द्वारा आयोजित होगा नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी शहर की समाजसेवी संस्था अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा 23 दिसंबर 2025 मंगलवार को शहर के निजी मैरिज होम शंभू रिसॉर्ट बसेड़ी रोड बाड़ी पर रतन ज्योति नेत्रालय चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सुबह 10बजे से दोपहर 2बजे तक आयोजित होगा पंचम निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर, यह शिविर संस्था प्रधान अशोक गोयल के पिताजी स्व सेठ द्वारिका गोयल की पुण्यतिथि पर प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है, जिसमें ग्वालियर से मेडिकल टीम द्वारा रोगियों का निशुल्क नेत्र परीक्षण किया जाता है, साथ ही संस्था द्वारा बाड़ी शहर के जाने-माने गैस्ट्रोलॉजिस्ट डॉक्टर मोहन गोयल भी अपनी शिविर में निशुल्क चिकित्सा सुविधा मुहैया कराते हैं। नेत्र परीक्षण शिविर में आने वाले मरीज अपने साथ आधार कार्ड की प्रतिलिपि साथ अवश्य लाए, सभी मरीजों के आने जाने व खाने पीने की व्यवस्था नि:शुल्क रहेगी।

संस्था की मीटिंग बुधवार 3 दिसंबर 2025 को आयोजित की गई। जिसमें फाउंडेशन अध्यक्ष अशोक गोयल, सचिव एड. विपिन गर्ग, कोषाध्यक्ष नरेंद्र गोयल, उपाध्यक्ष सचिन मंगल, संगठन मंत्री अश्विनी गोयल, मीडिया प्रभारी अंशुल गर्ग, सूचना मंत्री विनय गोयल, समिति सदस्य राजीव मंगल, अमन गर्ग, समिति सिंघल, शैलेन्द्र गर्ग, मोहित सिंघल उपस्थित रहे।

# फर्जी राजस्थान रोडवेज की बस को किया परिवहन विभाग ने सीज

बढ़ता राजस्थान




**धौलपुर,( नि.स. )।** जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे हैं संघन जांच अभियान के अंतर्गत गुरुवार को परिवहन विभाग की टीम ने फर्जी रूप से निजी बस को राजस्थान रोडवेज की बस जैसा कलर करके चलाने के आरोप में बस को जप्त कर बस को सीज कर दिया गया है। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि परिवहन विभाग की टीम वाहनों की जांच कर रही थी इस समय राजस्थान रोडवेज की एक बस वहां से गुजरी जिस पर परिवहन विभाग की टीम को उसमें कुछ त्रुटियां नजर आई। धौलपुर से करौली रोड़ पर चलने वाली बस में लिखा था राजस्थान परिवहन से संबंधित जिस पर परिवहन विभाग की टीम ने बस के कागजों की जांच करी तो पाया कि बस राजस्थान रोडवेज की नहीं है बस में मौजूद यात्रियों से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि परिचालक में उन्हें टिकट भी नहीं दिया। परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने कहा कि विभाग जीरो टॉलरेंस के दिशा निर्देशन में कार्य कर रहा है और सरकार के राजस्व को हानि पहुंचाने वालों को बक्सा नहीं जाएगा। वही परिवहन विभाग द्वारा एवीएम कॉन्वेंट विद्यालय की बस को भी कागज पूरी न होने पर सीज किया गया है। बालवाहिनी के विरुद्ध नियमानुसार चलने एवं बच्चों के सुरक्षित परिवहन का अभियान जारी रहेगा।

# जिला कलेक्टर ने जनूथर में सी एच सी और रा उ मा विद्यालय का किया निरीक्षण

## ड्यूटी से नदारद चिकित्सक और एएनएम के खिलाफ 17 सीसी% की कार्रवाई के दिए निर्देश, विद्यालय में कलक्टर ने परखा विज्ञान का ज्ञान

बढ़ता राजस्थान



**डीग ( नि.स. )।** जिला कलक्टर उत्सव कौशल ने गुरुवार को डीग जिले के जनूथर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया । निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपस्थिति पंजिका के अवलोकन पर मेडिकल ऑफिसर डॉ. विवेक कुमार और एएनएम साधना वर्मा बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए। जिला कलेक्टर ने इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को तत्काल प्रभाव से दोनों कार्मिकों के विरुद्ध राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 17 (सीसी) के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई का नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने अस्पताल के ओपीडी, वार्ड, एक्स-रे रूम और प्रयोगशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में साफ-सफाई और मरीजों को मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और चिकित्सा कर्मियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इसके बाद जिला कलक्टर कौशल ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जनूथर का निरीक्षण किया। यहाँ उन्होंने %प्रखर राजस्थान% कार्यक्रम के तहत शैक्षणिक स्तर और बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर कौशल ने विज्ञान संकाय की कक्षा 11 के बच्चों से संवाद किया। उन्होंने छात्रों से कुछ तकनीकी प्रश्न पूछे जिसका विद्यार्थियों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ उक्त प्रश्नों के सही उत्तर दिए, जिस पर जिला कलक्टर ने विद्यालय के शैक्षणिक स्तर और छात्रों की मेधा पर संतोष व्यक्त किया और उन्हें भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में मिड-डे मील व्यवस्था की भी बारीकी से जाँच की। जिला कलक्टर ने विद्यालय के खेल मैदान, उपस्थिति पंजिका और कक्षा-कक्षों की स्थिति का भी अवलोकन किया और संस्था प्रधान को निर्देशित किया कि शैक्षणिक वातावरण को और अधिक उत्कृष्ट बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएं।

## हाईवे पर सुरक्षा की सीख 'अपनी लाइन में चलो, जिंदगी बचाओ' अभियान ने खींचा ध्यान

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** सडक़ हादसों में बढ़ती मौतों को रोकने और सुरक्षित यातायात की संस्कृति विकसित करने के उद्देश्य से पिपलाज टोल प्लाजा पर एक अनोखा जागरूकता अभियान चलाया गया। यातायात के हवलदार मेजर मंगल चंद और सरवन जाखड़ ने ड्राइवरों को एक-एक करके रोक कर समझाया कि सडक़ सफर है, रेस नहींज् अपनी लेन में चलो और जान बचाओ। अभियान के दौरान वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने, शराब सेवन से बचने, आगे चल रही गाड़ी से कम से कम 10 मीटर दूरी बनाए रखने, निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही वाहन खड़ा करने और रात में डिपर का उपयोग करने की सख्त हिदायत दी गई।पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल सवारों को हेलमेट पहनकर सावधानीपूर्वक अपनी लेन में चलने के लिए प्रेरित किया। साथ ही 70 ट्रैकों पर सुरक्षा से जुड़े आकर्षक पोस्टर चिपकाकर संदेशों को स्थायी रूप से प्रदर्शित किया गया अधिकारियों ने कहा कि सडक़ सुरक्षा नियमों का पालन करना सिर्फ कानून नहीं, अपनों के सुरक्षित घर लौटने की गारंटी है।

## स्कूली बच्चों की जान से खिलवाड़: क्षमता से 5 गुना ज्यादा छात्र बैठाने पर वाहन जब्त, चालक पर केस दर्ज



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** ब्यावर पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह, आईपीएस के निर्देश पर ब्यावर सदर थाना पुलिस ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले वाहन चालक के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गश्त के दौरान जानकारी मिलने पर पुलिस ने बलाड़ रोड पर ईको कार (आरजे 36 सीबी 4389) को रोककर जांच की, तो मात्र 5 यात्री क्षमता वाले वाहन में 26 स्कूली बच्चे ठूंसकर ले जाए जा रहे थेपुलिस ने वाहन को मौके पर बतौर सबूत जब्त कर चालक शहजाद आलम (29), निवासी आर.के. नगर, गढ़ी थोरियान, थाना ब्यावर सिटी के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है पुलिस ने बताया कि क्षमता से अधिक यात्रियों को परिवहन करना गंभीर हादसे की आशंका को जन्म देता है। भविष्य में भी ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम :** थानाधिकारी गजराज, सउनि इन्द्रसिंह, कानि. बिशनाराम, कानि. सुखाराम शामिल रहे।

## संगम विश्वविद्यालय के छात्रों का राजस्थान के विभिन्न राजकीय विभागों में चयन

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित पुस्तकालयाध्यक्ष के 648 पदों हेतु जुलाई 2025 में संपन्न प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम में संगम विश्वविद्यालय के दो छात्रों ने उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल शर्मा ने बताया कि 2 दिसंबर 2025 को घोषित इस परीक्षा में टीएसपी आरक्षण श्रेणी से सत्र 2023-24 के स्नातक छात्र रितिक मेनारिया पुत्र शैलेन्द्र एवं लता मेनारिया ने तीसरी रैंक प्राप्त की, जबकि सौरभ शर्मा पुत्र रघुवीर प्रसाद शर्मा एवं रमादेवी शर्मा ने उन्नतीसवीं रैंक हासिल की। छात्रों की इस उपलब्धि पर संगम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. करुणेश सक्सेना ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने पुस्तकालय विज्ञान विभाग के शैक्षणिक प्रयासों की सराहना करते हुए इसे विश्वविद्यालय की गुणवत्ता का परिणाम बताया।

जनसंपर्क अधिकारी डॉ. राजकुमार जैन ने बताया कि इससे पूर्व भी संगम विश्वविद्यालय के अनेक विद्यार्थी विभिन्न राजकीय विभागों में चयनित होकर संस्थान का नाम गौरवान्वित कर चुके हैं।

## रिलायंस मार्केट ने स्ट्रॉबेरी पर ज्यादा वसूले 5 रुपए, उपभोक्ता आयोग ने सुनाया 5,500 रुपए लौटाने का आदेश

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग भीलवाड़ा ने रिलायंस मार्केट, चित्तौड़ रोड को उपभोक्ता से अधिक राशि वसूलने पर दोषी करार दिया है। अधिवक्ता आजाद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि परिवादी मोहनलाल शर्मा ने 2 फरवरी 2019 को रिलायंस मार्केट से 619.25 रुपए का सामान खरीदा था। खरीदारी के दौरान स्ट्रॉबेरी पैकेट पर 50 रुपए अंकित होने के बावजूद बिलिंग के समय 55 रुपए वसूल लिए गए। परिवाद प्रस्तुत करते हुए अधिवक्ता आजाद शर्मा ने न्यायालय को बताया कि प्रसिद्ध ब्रांड होने के कारण उपभोक्ता विश्वास के साथ खरीदारी करते हैं, लेकिन बिल की जांच न करने पर उपभोक्ता यह अनैतिक वसूली पकड़ नहीं पाते। यह व्यवहार स्पष्ट रूप से अनैतिक व्यापारिक आचरण की श्रेणी में आता है। मामले की सुनवाई के बाद आयोग के अध्यक्ष हरि नारायण सारस्वत एवं सदस्य उमेश वतवानी ने रिलायंस मार्केट को दोषी मानते हुए परिवादी को मानसिक कष्ट मद 500 रुपए, अधिवक्ता शुल्क 5,000 रुपए सहित कुल 5,500 रुपए दो महीने में अदा करने का आदेश दिया।

## ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला(नि.स.)।** मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने गुरुवार को क्षेत्र के विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेंद्र जैन ने गुरुवार को क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय चांदखेड़ी, रलायती, झिकडीया, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुमठिया, महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी विद्यालय कोलवी आदि विद्यालयों का निरीक्षण किया।

# प्रदेश के दिग्गज मंत्रियों ने भाजपाइयों से किया संवाद, कहा-कार्यकर्ता संगठन की मूल पूंजी

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** राजस्थान सरकार के नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा, राजस्व मंत्री हेमंत मीणा, जनजातीय विकास एवं गृह रक्षा मंत्री बाबूलाल खराड़ी एवं सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन मंत्री गौतम दक सहित भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष छगन माहुर के भीलवाड़ा आगमन पर स्थानीय सर्किट हाउस में जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व एवं महापौर राकेश पाठक के सान्निध्य में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपाइयों ने उन्हें विधायक कार्यकाल के 2 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर बधाई भी दी। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि प्रदेश के दिग्गज मंत्रियों ने भाजपाइयों से संवाद करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की मूल पूंजी है, इन्हीं के श्रम और समर्पण से पूरे देश में पार्टी मजबूती के साथ खड़ी है। वहीं भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो नीचे से कार्यकर्ता को लाकर संगठन और सत्ता में उपयोग लेकर उन्हें पूरा सम्मान देती है। उन्होंने कहा कि संगठन और सत्ता के समन्वय के साथ केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी भी प्रत्येक कार्यकर्ता की है। भीलवाड़ा जिले में चल रहे एसआईआर अभियान में संगठन की सक्रिय भागीदारी और सकारात्मक परिणाम के लिए बधाई देते हुए उन्होंने आने वाले पंचायतराज एवं निकाय चुनावों में भी भीलवाड़ा को कांग्रेस मुक्त रख क्लीन स्वीप का आह्वान किया। इससे पूर्व प्रारम्भ में जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने सभी मंत्रियों एवं भाजपा पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए जिले में संगठन की गतिविधियों की जानकारी दी। महापौर राकेश पाठक ने भी विचार व्यक्त किए। संवाद कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मंजू चेचाणी, कुलदीप शर्मा, गोपाल तेली, अशोक तलाइच सहित ललिता कंवर, आरती कोगटा, ललित अग्रवाल, अंकुर बोरदिया, मनोज बुलानी, अभिश्रुता सोलंकी, अनिल सिंह जादौन, अजय नौलखा, रागिनी गुप्ता, मंजू पालीवाल, इमरान कायमखानी, ऋषुशेखर शर्मा, मुकेश चेचाणी, पूर्व सभापति अनिल बल्दवा, प्रदीप चौधरी, सज्जन सुथार, केसर सिंह चौधरी, महेंद्र नायक, सुमित्रा पोरवाल, मीनाक्षी नाथ, मोहिनी माली सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जुआँ के धंधे पर कई चढ़ गए फंदे पर, जुआरियो ने बनाया नया ठिकाना पुलिस के लिऐ बनी चुनौती

### कोटा बारां जिले के बार्डर सांगोद परवन नदी और मऊ क्षेत्र पर लगाया डेरा दोनों जिलों की पुलिस एक दूसरे के क्षेत्र मे नहीं करती कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान



**अंता (शफीक मंसूरी)।** अंता/ सांगोद क्षेत्र में अवैध जुआ फिर से जोर पकडऩे लगा है। कोटा-बारां जिले की सीमा पर परवन नदी और मऊ क्षेत्र के बीच जुआरियों ने नया ठिकाना बना लिया है। दोनों जिलों की पुलिस एक-दूसरे के क्षेत्र में कार्रवाई नहीं करती, जिसका फायदा उठाकर जुआरी ठिकाने बदलते रहते हैं। मुखबिरों का नेटवर्क इतना मजबूत है कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही जुआरी दूसरे जिले में खिसक जाते हैं। अंता और सांगोद के बीच यह क्षेत्र जुआरियों का सुरक्षित अड्डा बन चुका है। यहां मोबाइल तक रखने की अनुमति नहीं होती ताकि कोई सूचना बाहर न जाए। जुआ खेलने वाले चारपहिया वाहनों में पहुंचते हैं और जंगल, झाडियों और पेड़ों के नीचे 52 पत्ती का खेल खुलेआम चलता है। बारां जिले के पुलिस कप्तान ने पदभार संभालते ही अवैध जुआ, सट्टा और शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। लेकिन जमीनी स्तर पर इन आदेशों का असर दिखता नहीं है। बड़े जुआरियों पर कार्रवाई न के बराबर है, जबकि केवल छोटे लोगों को ही निशाना बनाया जाता है। आरोप है कि कुछ पुलिसकर्मियों के संरक्षण में यह अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक यहां जुआरियों की भीड़ रहती है। पर्चियों पर नम्बर लिखे जाते हैं और शाम को परिणाम घोषित होते हैं। इस अवैध गतिविधि से आसपास रहने वाले लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। जुआ और सट्टे की गिरफ्त में आकर कई परिवार बर्बाद हो चुके हैं। लोग अपनी गाढ़ी कमाई, उधार और ब्याज का पैसा लगाकर कर्ज में डूब रहे हैं। युवा वर्ग भी तेजी से इस लत की चपेट में आ रहा है, जिससे परिवारों में तनाव और मानसिक परेशानी बढ़ती जा रही है।

## नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष सिसोदिया ने पदभार ग्रहण एवं दिल्ली महारैली में भाग लेने का किया आह्वान

बढ़ता राजस्थान




**कपासन (नि.स.)।** नवनियुक्त कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया द्वारा गुरुवार को जिला मुख्यालय पर प्रेस वार्ता का आयोजन कर कांग्रेस कार्यकर्ताओ से आगामी 7 दिसंबर पदभार ग्रहण एवं 14 दिसंबर दिल्ली महारैली अधिकाधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया गया।

कांग्रेस जिला महामंत्री अहसान पठान ने बताया कि जिला मुख्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष सिसोदिया ने कहाकि आगामी समय में कांग्रेस को बूथ स्तर तक मजबूत प्रदान करना मुख्य लक्ष्य होगा।साथ ही आगामी 7 दिसंबर जिला मुख्यालय चित्तौडग़ढ़ स्थित डीसीसी कार्यालय में पदभार ग्रहण कार्यक्रम आयोजित होगा।जिसमें राष्ट्रीय सचिव संभाग प्रभारी ऋतिक मकवाना,पूर्व कैबिनेट मंत्री उदयलाल आंजना,रामलाल जाट,अशोक चांदना,अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष एमडी चौपदार,पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह विधूड़ी सहित जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ से कार्यक्रम में आने हेतु आग्रह किया गया है।

इधर नवनियुक्त कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया द्वारा कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आगामी 14 दिसंबर को एसआईआर को लेकर दिल्ली में आयोजित होने वाली महारेली में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया गया।इस दौरान प्रदेश सचिव डॉ. ललित बोरीवाल, बड़ीसादड़ी कांग्रेस प्रत्याशी रहे बद्रीलाल जाट जगपुरा,वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुमन सुवालका,निर्मल जैन,अनिल शेट्टी,जिला सचिव दिनेश गुर्जर आदि मंच पर उपस्थित रहे युवा प्रदेश सचिव चक्षु शर्मा,एससी प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव अजय लोट,शिल्पन साहू,गोटू अली आदि कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पवित्र उमराह की यात्रा कर कपासन लौटे 45 यात्रियों का फूल मालाओं से स्वागत किया



बढ़ता राजस्थान

कपासन (नि.स.)। पवित्र उमराह की यात्रा पूर्णकर 45 यात्रियों के वापस आगमन पर गुरुवार को आम मुस्लिम अंजुमन कमेटी के तत्वावधान में स्वागत किया गया।आम मुस्लिम अंजुमन कमेटी कपासन के प्रवक्ता गुड्डु खान ने बताया कि अल अख्तर टूर्स एंड ट्रेवल्स कपासन संचालक मोहम्मद इरफान एवं जावद शहर काजी आदिल रजा के संयोजन में 45 उमराह यात्रियों ने मक्का व मदीना शरीफ की 21 दिनों की पवित्र उमराह यात्रा संपन्न की तथा वापस कपासन आने पर दीवाना शाह दरगाह शरीफ के बाहर शहर काजी मौलाना मोहम्मद सईद द्वारा कपासन क्षेत्र के ग्राम डिंडोली,रामथली,जावद एवं बोदियाना क्षैत्र के कुल 45 यात्रियों को साफा पहनाकर एवं फुल-मालाओं के साथ स्वागत अभिनंदन किया गया। इस दौरान उमराह यात्रियों द्वारा दरगाह शरीफ में संयुक्त रूप में चादर पेशकर मुल्क में अमन शांति एवं खुशहाली की कामना की गयी। इस अवसर पर मोहम्मद शेर अंसारी,मोहम्मद शरीफ, बाबू खान,अनवर खान,इस्माइल पौंड,मोहम्मद रशीद तुर्कीया,इरफान अंसारी,इलियास अंसारी,मुराद खान, राबिया खान,इकबाल भाटी,रुस्तम भाई,रफीक खान, मुख्तियार खान आदि मुस्लिम समाज के गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## सैनिक स्कूल चित्तौडगढ़ में मनाया भारतीय नौ सेना दिवस



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़, (नि.स.)।** सैनिक स्कूल में गुरुवार को भारतीय नौ सेना दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। प्राचार्य कर्नल अनिल देव सिंह जसरोटिया, उप प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल पारुल श्रीवास्तव एवं प्रशासनिक अधिकारी मेजर सी श्रीकुमार के निर्देशन में इस अवसर पर स्कूल के शंकर मेनन सभागार में आयोजित हुए समारोह की मुख्य अतिथि स्कूल की उप प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल पारुल श्रीवास्तव थी। स्कूल के जनसंपर्क अधिकारी बाबूलाल शिवरान ने बताया कि एनसीसी के कैडेट राहुल लाम्बा ने भारतीय नौ सेना की जबरदस्त क्षमता का महिमा मंडन करते हुए नौ सेना की उपलब्धियों का बखान किया। इस अवसर पर कैडेट्स को भारतीय नौसेना पर आधारित एक शॉर्ट डॉक्युमेंट्री दिखाई गई। मुख्य अतिथि ने भारतीय नौसेना की महत्ता और हमारे राष्ट्र की रक्षा में उसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने नौ सेना के अद्वितीय साहस, समर्पण और त्याग की सराहना की और कैडेट्स को भारतीय सशस्त्र बलों की शौर्य गाथाओं से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि नौसेना दिवस भारत की समुद्री शक्ति को मान्यता देने का दिन है। यह हमारे समुद्रों की सुरक्षा और राष्ट्र की अखंडता की रक्षा में भारतीय नौसेना द्वारा किए गए अभूतपूर्व योगदान का प्रतीक है। हमें गर्व है कि हमारे नौ सैनिक न केवल समुद्र में बल्कि वैश्विक मंच पर भी अपनी शक्ति का परिचय देते हैं। उन्होंने भारतीय नौसेना के समर्पण और शौर्य की सराहना करते हुए यह भी कहा कि हमारे नौ सैनिक हर स्थिति में अपना कर्तव्य निभाने में सक्षम हैं, चाहे वह प्राकृतिक आपदाएं हों या सीमा पर सुरक्षा चुनौती। मुख्य अतिथि ने भारतीय नौसेना द्वारा किए जाने वाले प्रमुख अभ्यासों एवं प्रमुख ऑपरेशनों की जानकारी कैडेट्स के साथ साझा की। उन्होंने कैडेट्स से आह्वान किया कि वे भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना की तरह राष्ट्र सेवा के लिए हमेशा तैयार रहें। मुख्य अतिथि ने स्कूल के नेवल विंग के कैडेट्स को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल के समस्त स्टाफ एवं छात्र उपस्थित थे।

# विधायक अशोक कोठारी के दो वर्ष पूर्ण, गौ सेवा वृद्धजन सहयोग और मानवता के कार्यों के साथ मनाया 'सेवा दिवस'

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** विधायक अशोक कोठारी के दो सफल वर्ष पूर्ण होने पर सोमवार को जिलेभर में विभिन्न सामाजिक और मानवीय गतिविधियों के साथ 'सेवा दिवस' मनाया गया। पूरे दिन विधायक ने गौ सेवा, वृद्धजन कल्याण, दिव्यांग सहयोग और जरूरतमंदों की सहायता से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लेकर मानवता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। पिछले दो वर्षों में क्षेत्रीय विकास और सामाजिक कार्यों में मिली उपलब्धियों को भी इस मौके पर रेखांकित किया गया।

दिन की शुरुआत हरनी महादेव स्थित श्री कृष्ण गौ सेवा उपचार केंद्र में हुई, जहां परम पूज्य आराध्या गुरुदेव श्री समकित मुनि जी म.सा. की प्रेरणा से आयोजित कार्यक्रम में विधायक कोठारी ने उपचाररत गौवंश के बीच पहुंचकर नवकार मंत्र का जाप किया और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इसके बाद वे श्री ओम शांति सेवा संस्थान द्वारा संचालित वृद्धाश्रम पहुंचे, जहां गजानन भगवान के दर्शन किए और वृद्धजनों से आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि मानव जीवन अनुपम है और इसे सार्थक बनाने के लिए दया, संवेदना और सेवा आवश्यक है। लायंस क्लब भीलवाड़ा शाखा के 'जरूरतमंदों को खुशियां बांटो' अभियान के तहत, विधायक कोठारी ने महात्मा गांधी राजकीय माध्यमिक विद्यालय, भीमगंज में विद्यार्थियों को ठंड से बचाव हेतु गर्म स्वेटर और कंबल वितरित किए। इसी क्रम में हरिसेवा धाम में दिव्यांगजन सहायता कार्यक्रम में शामिल होकर उन्होंने कंबल और सिलाई मशीनों का वितरण भी किया। विधायक कोठारी ने अपने कार्यालय में आयोजित विशेष शिविर में 50 दिव्यांगजन स्कूटी सहायता योजना के आवेदन भी भरवाए, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंदों को राहत मिल सके। सेवा दिवस के कार्यक्रमों में सत्यनारायण मूंदड़ा, गजानंद बजाज, एडवोकेट पवन पंवार, रोशनलाल, राधेश्याम सोमानी, रामस्वरूप डाड, बाबूलाल टाक, रचित राज रांका, विवेक निमावत सहित अनेक सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, गौसेवक और नागरिक उपस्थित रहे। पूरे दिन चले इन आयोजनों ने विधायक कोठारी के दो वर्षों की सार्वजनिक सेवा को एक नई पहचान देते हुए मानवता केंद्रित कार्यों की मजबूत मिसाल प्रस्तुत की।

# राहुल बोले- विदेशी मेहमानों से मिलने नहीं देती सरकार

## नेता प्रतिपक्ष का पुतिन के दौरे से पहले बयान; कहा- यह मोदी की इनसिक्योरिटी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि सरकार, विदेश से आने वाले शीर्ष नेताओं (दिग्निटरीज) से मिलने नहीं देती। उनसे कहती है कि वे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष से न मिलें। इसका कारण सरकार की असुरक्षा है। राहुल का यह बयान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के दो दिवसीय भारत दौरे से कुछ घंटे पहले आया।

उन्होंने कहा, आमतौर पर परंपरा है कि विदेश से आने वाले नेता स्न्क्ष्क से मिलते हैं। वाजपेयी जी के समय यह होता था, मनमोहन सिंह जी के समय भी होता था। लेकिन अब सरकार उन्हें यह संदेश देती है कि स्न्क्ष्कसे न मिलें। जब मैं विदेश जाता हूं तब भी यही किया जाता है। पीएम मोदी और विदेश मंत्रालय इस प्रोटोकॉल का पालन नहीं कर रहा राहुल ने कहा कि विपक्ष भारत का प्रतिनिधित्व करता है और उनका दृष्टिकोण जानना भी जरूरी होता है, लेकिन सरकार नहीं चाहती कि विपक्षी नेताओं की विदेश नेताओं से मुलाकात हो। जब पूछा गया कि सरकार ऐसा क्यों कर रही है, तो राहुल ने कहा, यह उनकी असुरक्षा है। उधर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन 5-6 दिसंबर को भारत दौरे पर आ रहे हैं। वे करीब 30 घंटे तक भारत में रहेंगे। उनका यह दौरा भारत-रूस के बीच रणनीतिक संबंधों के 25 साल पूरे होने पर हो रहा है।

# पूर्व मंत्री महेश जोशी ने ईडी-कोर्ट में पासपोर्ट किया सरेंडर

## जेजेएम घोटाले में सुप्रीम कोर्ट से मिली है जमानत, कहा- हर पेशी पर कोर्ट में रहूंगा मौजूद



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जल जीवन मिशन (जेजेएम) घोटाले में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद जेल से बाहर आए पूर्व मंत्री महेश जोशी ने गुरुवार को ईडी कोर्ट पहुंचकर पासपोर्ट सरेंडर किया। जोशी सुबह ईडी कोर्ट पहुंचे। उन्होंने कोर्ट में अपना पासपोर्ट जमा करवाया। बता दें कि जोशी को सुप्रीम कोर्ट ने सशर्त जमानत देते हुए पासपोर्ट सरेंडर करने और बिना अनुमति देश नहीं छोड़ने की शर्त लगाई थी। जोशी ने कहा- वे केस के मामले में कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। अभी तक वो जेल में थे। अब जमानत पर बाहर आए हैं। पहले चार्जशीट का अध्ययन करेंगे और कोशिश करेंगे कि हर पेशी पर कोर्ट में स्वयं उपस्थित रहें। उन्होंने कहा- कोर्ट ने उनसे केस से संबंधित कई जानकारी ली थी। उनके पास जो भी जानकारियां थी, उसे उन्होंने कोर्ट से साझा किया।

### करीब 7 महीने जेल में रहे जोशी

सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद महेश जोशी बुधवार शाम जयपुर सेंट्रल जेल से बाहर आए। जोशी करीब 7 महीने जेल में रहे। जोशी को 900 करोड़ के जल जीवन मिशन घोटाले में 24 अप्रैल को ईडी ने गिरफ्तार किया था। राजस्थान हाईकोर्ट ने 26 अगस्त को उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद जोशी ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की थी। जोशी ने अपनी जमानत याचिका में कहा- पैसा जोशी के बेटे की फर्म के लिए लिया था, लेकिन लौटा दिया था। वहीं ईडी ने जमानत का विरोध करते हुए कहा था कि पैसा लौटाने से अपराध की गंभीरता कम नहीं होती है। सुप्रीम कोर्ट में 3 दिसंबर को जस्टिस दीपांकर दत्ता व जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने जोशी को

# सीएम ने राजस्थान मूल के अधिकारियों से किया संवाद

## कहा-ये अधिकारी राज्य सरकार और प्रवासी राजस्थानियों के बीच एक मजबूत सेतु

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में अगले सप्ताह आयोजित होने वाले प्रवासी राजस्थानी दिवस को लेकर सीएम भजनलाल शर्मा ने वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए अन्य राज्यों के राजस्थान मूल के अखिल भारतीय और विभिन्न केन्द्रीय सेवा अधिकारियों से संवाद किया। इस मौके पर उन्होने राजस्थान मूल के अधिकारियों को आगामी प्रवासी राजस्थानी दिवस मे शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि राजस्थान को निवेश का हब बनाने में आपकी अहम भूमिका है। आपके अनुभव, सुझाव और संपर्क राज्य की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण हैं। सीएम ने कहा कि क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान देश का सबसे बड़ा राज्य है। राज्य में निवेश की अपार संभावनाएं हैं।




### उद्यमियों को राजस्थान में निवेश के लिए करें प्रोत्साहित

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न राज्यों में पदस्थापित राजस्थानी मूल के अधिकारियों का अपनी कर्मभूमि के साथ ही जन्मभूमि से भी भावनात्मक जुड़ाव रहता है। इन अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में विभिन्न नवाचार किए हैं। उन्होंने कहा कि ये अधिकारी राज्य सरकार और प्रवासी राजस्थानियों के बीच एक मजबूत सेतु हैं। उन्होंने इन अधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि वे प्रवासी राजस्थानी, उद्यमियों और निवेशकों को राजस्थान में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करें।

**प्रवासी राजस्थानियों ने विश्वपटल पर बनाई अपनी पहचान**-सीएम ने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों ने मेहनत और उद्यमशीलता से विश्वपटल पर अपनी पहचान बनाई है। इन्होंने देश-विदेश में राजस्थान का मान-सम्मान बढ़ाया है। हमारी सरकार प्रवासी राजस्थानियों को मातृभूमि से जोड़ने के लिए निरन्तर कार्य कर रही है। इनके हितों और उनसे जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने के लिए एक विशेष प्रवासी राजस्थानी विभाग का गठन किया गया है। बैठक में मुख्य सचिव वी श्रीनिवास सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# भारत में बैन हुई लोन देने वाली 87 ऐप्स

## फ्रॉड रोकने के लिए सरकार ने की कड़ी कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने लोन देने वाली ऐप्स पर कड़ी कार्रवाई करते हुए 87 अवैध ऐप्स को बैन कर दिया है। इसके लिए मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी की तरफ से आदेश जारी हो गए हैं। मिनिस्ट्री ने आईटी एक्ट 2020 के सेक्शन 69 के तहत यह कार्रवाई की है। कॉर्पोरेट अफेयर्स मिनिस्ट्री के राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने लोकसभा को यह जानकारी दी है। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

सरकार की तरफ से की गई इस कार्रवाई के बाद भारत में इन ऐप्स के ऑपरेशन पर पूरी तरह लगाम लग जाएगी। साथ ही नए यूजर्स भी इन ऐप के झांसे में नहीं आएंगे। बता दें कि देश के अलग-अलग हिस्सों से ऐसी शिकायतें मिल रही थीं, जिसमें लोन देने वाली ऐप्स डेटा को मिसयूज करने के साथ-साथ लोगों का उत्पीड़न भी कर रही थी. इन ऐप्स पर पर्सनल डेटा को चुराने और लोगों को ब्लैकमेल करने के भी आरोप लगे हैं।




**लोगों को सुरक्षित रखने की कोशिश-मंत्री**-मंत्री ने बताया कि जब भी कानूनों का उल्लंघन होता है तो कार्रवाई की जाती है. सरकार ने कंपनीज एक्ट और आईटी एक्ट के आधार पर यह कार्रवाई की है. उन्होंने कहा कि सरकार लोगों को डिजिटली सुरक्षित रखना चाहती है ताकि उनके साथ किसी भी प्रकार का स्कैम न हो.

**25 प्रतिशत तक ब्याज लेती हैं फर्जी लोन ऐप्स**-रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक बार फर्जी ऐप्स से लोन लेने के बाद लोगों के लिए इनकी दुष्चक्र से बाहर निकलना काफी मुश्किल हो जाता है. कई ऐप्स हर महीने 25 प्रतिशत तक का ब्याज लेती है। अगर कोई यूजर ब्याज देने से मना कर देता है तो उन्हें एडिटेड फोटो के साथ ब्लैकमेल किया जाता है और उसके परिवारजनों और दोस्तों को धमकियां तक देने के मामले सामने आए हैं. कई बार बैन होने के बाद यह ऐप्स नए सिरे से काम करना शुरू कर देती हैं।

# अमेरिका में पाकिस्तानी पीएम-आर्मी चीफ पर बैन लगाने की मांग

## 44 अमेरिकी सांसदों ने विदेश मंत्री को चिट्ठी लिखी, कहा- पाकिस्तान में तानाशाही बढ़ रही

बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन ( एजेंसी )।** अमेरिकी संसद के 44 सांसदों ने बुधवार को विदेश मंत्री मार्को रुबियो को चिट्ठी लिखकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की है। इन सांसदों का आरोप है कि पाकिस्तान में सेना सरकार चला रही है। देश में आम लोगों के अधिकारों का बड़े पैमाने पर हनन हो रहा है। विदेश में रहने वाले पाकिस्तानी मूल के अमेरिकी नागरिकों को भी सरकार के खिलाफ आवाज उठाने पर धमकियां दी जा रही हैं। यह चिट्ठी डेमोक्रेटिक महिला सांसद प्रमिला जयपाल और सांसद ग्रेग कासर के नेतृत्व में लिखी गई है। इसमें सांसदों ने कहा कि पाकिस्तान में तानाशाही बढ़ रही है। पत्रकारों को धमकाया जा रहा है, अगवा किया जा रहा है या देश छोड़ने पर मजबूर किया जा रहा है।

### आलोचना पर पत्रकार के परिवार को अगवा किया

सांसदों ने चिट्ठी में कुछ घटनाओं का जिक्र किया है। इनमें वर्जीनिया के जर्नलिस्ट अहमद नूरानी का मामला शामिल है। नूरानी ने पाकिस्तानी सेना के भ्रष्टाचार पर रिपोर्टिंग की थी। इसके बाद पाकिस्तान में रहने वाले उनके दोनों भाइयों को एक महीने से ज्यादा समय तक अगवा करके रखा गया था। इसी तरह मशहूर संगीतकार सलमान अहमद के जीजा का भी अपहरण हुआ था, जिन्हें अमेरिकी हस्तक्षेप के बाद ही छोड़ा गया। चिट्ठी में सांसदों ने पाकिस्तान में बढ़ते तानाशाही संकट को लेकर चिंता जताई है।

# डोटासरा बोले- सीएम से निवेदन, मंत्रियों की सुनें, वे रो रहे

## कहा- बंगलों के दरवाजे लोगों को खुले नहीं मिलते, ईआरसीपी राष्ट्रीय परियोजना इनके कार्यकाल में नहीं बनेगी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने राज्य सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने मंत्रियों की जनसुनवाई, ईआरसीपी और यमुना जल के मुद्दे पर सरकार को घेरा। डोटासरा ने कहा- मैं मुख्यमंत्री से हाथ जोड़कर निवेदन करता हूं कि मंत्रियों की सुनवाई करो, ये बेचारे रो रहे हैं। सुधांश पंत इनके ऐसे स्पेशल असिस्टेंट लगा गए कि ये मंत्रियों की सुनते ही नहीं हैं। डोटासरा ने कहा- मैं लिख कर दे सकता हूं कि शेखावाटी में यमुना का पानी नहीं आएगा। इनके कार्यकाल में ईआरसीपी राष्ट्रीय परियोजना नहीं बनेगी।डोटासरा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में गुरुवार को मीडिया से बातचीत कर रहे थे। डोटासरा ने कहा- मंत्री अगर प्रभारी मंत्री के रूप में जिलों में जाते हैं तो वहां कार्यकर्ता उनसे मिलने नहीं आते हैं। इस तरह का पर्सेप्शन बन चुका है कि मंत्रियों की ही सुनवाई नहीं हो रही है तो फिर आम जनता की जनसुनवाई कैसे होगी।



### मंत्री दिन में तीन बार बदल देते बयान

डोटासरा बोले- मुख्यमंत्री ने कहा था कि अंता का उपचुनाव का रिजल्ट सरकार के दो साल की गवर्नेंस का आधार माना जाएगा। वहां तो इनका बंटाधार हो गया, 16 हजार वोटों से निपटा दिया। डोटासरा ने कहा- झूठ के ऊपर इनकी पूरी बुनियाद है। जनता अब समझ चुकी है। आने वाला कोई चुनाव ये नहीं जीतेंगे।

### भागीरथ बन-बनकर फोटो खिंचवा रहे, यमुना जल की डीपीआर तक नहीं बनी

डोटासरा ने कहा कि अभी ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना पर संसद में सवाल लगा था। केंद्र सरकार ने साफ मना कर दिया कि ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना नहीं बना रहे। इससे बड़ा झूठ और धोखा प्रदेश के साथ नहीं हो सकता। शेखावाटी को यमुना का पानी दिलवाने पर बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं। दो साल हो गए, आज तक डीपीआर नहीं बना पाए। जब डीपीआर नहीं बनी, बजट तुम्हारे पास नहीं है।

# सुषमा स्वराज के पति स्वराज कौशल का निधन

## देश के सबसे युवा राज्यपाल बने थे, राज्यसभा सांसद भी रहे; दिल्ली में अंतिम संस्कार

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के पति और भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज के पिता स्वराज कौशल का गुरुवार को निधन हो गया।

दिल्ली भाजपा ने ङ्क पोस्ट में उनके निधन की जानकारी दी है। दिल्ली भाजपा ने बताया कि स्वराज कौशल का 73 साल की उम्र में 4 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज लोधी रोड श्मशान घाट पर किया जाएगा। स्वराज कौशल देश के इतिहास में सबसे कम उम्र में राज्यपाल बनने वाले शख्स थे। 1990 में उन्हें मिजोरम का राज्यपाल बनाया गया था।



बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# इस सीजन में पहली बार तापमान 1 डिग्री के करीब

## सीकर, चूरू, झुंझुनूं में कड़ाके की सर्दी; अगले 2 दिन कोल्ड-वेव का अलर्ट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** बर्फीली हवाओं ने राजस्थान में सर्दी बढ़ा दी है। प्रदेश के शेखावाटी क्षेत्र में पारा 6 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है। सीकर के फतेहपुर में बुधवार को न्यूनतम तापमान 1.5 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। जो प्रदेश में इस सीजन का सबसे कम तापमान है। वहीं, शेखावाटी के दूसरे क्षेत्रों में तापमान में 6 डिग्री तक गिरावट दर्ज हुई। मौसम विभाग ने आज और कल सीकर, चूरू और झुंझुनूं में शीतलहर की भी चेतावनी दी है।

### 2 दिन से गिर रहा तापमान

मौसम विभाग के अनुसार सर्द हवा के कारण ठंड बढ़ रही है। इसका सबसे ज्यादा असर सीकर, झुंझुनूं, चूरू, बीकानेर व आसपास के इलाकों में दिख रहा है। यहां के कई जिलों में रात का तापमान लगातार गिर रहा है। मंगलवार को सीकर के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 3.2 डिग्री थी। वहीं, बीकानेर के लूणकरणसर में भी तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, बुधवार को फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 1.5 डिग्री के करीब रहा।

### दिन में बढ़ी सर्दी, अधिकतम तापमान 30 डिग्री से नीचे

राज्य में बुधवार को अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज हुई। प्रदेश के सभी शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। श्रीगंगानगर, फलोदी, बीकानेर, चूरू, करौली और हनुमानगढ़ के इलाकों में अधिकतम तापमान औसत से नीचे दर्ज हुआ। बुधवार को दिन में सबसे ठंडा इलाका सिरोही रहा, जहां का अधिकतम तापमान 21.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, अलवर, सीकर सहित कई जिलों में न्यूनतम तापमान 10 से कम रिकॉर्ड हुआ।



### अगले 48 घंटे और बढ़ेगी सर्दी

मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य के अधिकांश भागों में अगले एक सप्ताह मौसम साफ रहेगा। इस दौरान सर्द हवाओं का असर और बढ़ने की संभावना है। अगले 24 से 48 घंटों के दौरान उत्तरी राजस्थान के शहरों में रात की सर्दी और बढ़ने की संभावना है, जहां न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री और गिरावट होने की संभावना है। 4 और 5 दिसंबर को सीकर, चूरू और झुंझुनूं जिलों में कोल्ड-वेव चलने का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।